Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 96 | मंगलवार, 08 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राजनाथ सिंह बोले-लंबे समय से थी इनकी जरूरत

# वायु सेना में शामिल हुए हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड'

**नई दिल्ली/जोधपुर।**

भारतीय वायुसेना को सोमवार को एक नई ताकत मिल गई है। भारतीय वायुसेना में युद्ध कौशल को बढ़ावा देने के लिए देश में विकसित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर के पहले जत्थे को शामिल कर लिया गया है। पहले जत्थे में भारतीय वायुसेना को 10 हेलीकॉप्ट मिले हैं। स्वदेशी रूप से निर्मित हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को जोधपुर में भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर एयरबेस पर हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' से उड़ान भी भरी है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस जनरल अनिल चौहान और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी उपस्थिति में इन हल्के हेलीकॉप्टरों का नामकरण किया गया। जोधपुर एयरबेस से भारतीय वायु सेना में शामिल हुए इन हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर का नाम 'प्रचंड' रखा गया है। बेड़े में शामिल किए जाने के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि एलसीएच दुश्मन को चकमा देने, कई तरह के गोला-बारूद ले जाने और उसे तुरंत घटना स्थल पर पहुंचने में सक्षम है। एलसीएच विभिन्न इलाकों में हमारे सशस्त्र बलों की जरूरतों को पूरी तरह से पूरा करते हैं। यह हमारी सेना और वायु सेना दोनों के लिए एक आदर्श प्लेटफॉर्म हैं।राजनाथ सिंह ने कहा कि लंबे समय से हमलावर हेलीकॉप्टरों की जरूरत थी। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान इसकी जरूरत को गंभीरता से महसूस किया गया था।




## सार संक्षेप

### पूनम शर्मा बनीं एफएलओ की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष



**नई दिल्ली।**

फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) के 41वें वार्षिक सत्र के अवसर पर पूनम शर्मा ने एफएलओ की 42वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। एफएलओ, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (ऋकउउक) का महिला प्रभाग है और यह दक्षिण-पूर्व एशिया का सबसे पुराना और प्रमुख महिला-नेतृत्व वाला व्यापारिक चैंबर माना जाता है।इस खास मौके पर पूनम शर्मा ने कहा कि मेरे नेतृत्व में एफएलओ का उद्देश्य महिलाओं की आवाज को ताकत देना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी आवाज जो न केवल समाज की सोच को बदल सके, बल्कि नीति-निर्माण और आर्थिक निर्णयों को भी प्रभावित कर सके। हम ऐसा वातावरण बनाएंगे जिसमें महिलाएं आत्मनिर्भर बनें, नेतृत्व करें और उद्यमिता के क्षेत्र में क्रांति लाएं जानकारी के अनुसार, एफएलओ की नई राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पूनम शर्मा का कार्यकाल 2025-26 तक रहेगा।

### 'वक्फ को मिली जमीन की होगी जांच'



**कोच्चि।**

केरल के मुनंबम जमीन विवाद के मामले में सोमवार को केरल हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सुनवाई की। हाई कोर्ट ने इस दौरान एक जज की पीठ के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग के गठन को रद कर दिया गया था। इस मामले में न्यायिक आयोग के गठन का एलान केरल सरकार ने किया था। हालांकि, हाई कोर्ट की एकल जज की पीठ ने 17 मार्च को इस न्यायिक आयोग की नियुक्ति को रद कर दिया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश नितिन जामदार और जस्टिस एस मनु की खंडपीठ ने एक अंतरिम आदेश पारित किया और एकल पीठ के फैसले पर रोक लगा दी।

## आरसीबी ने 10 साल बाद वानखेड़े में मुंबई इंडियंस को हराया



**नई दिल्ली।**

मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच आईपीएल 2025 का 20वां मुकाबला खेला गया। जिसमें आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 12 रन से हरा दिया। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने 10 साल बाद वानखेड़े में मुंबई को हराया है। इसके साथ ही मुंबई की इस सीजन में ये लगातार चौथी हार है। जबकि आरसीबी को 3 जीत मिली है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और आरसीबी के बीच आईपीएल 2025 का 20वां मुकाबला खेला गया। जिसमें आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को 12 रन से हरा दिया। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने 10 साल बाद वानखेड़े में मुंबई को हराया है। इसके साथ ही मुंबई की इस सीजन में ये लगातार चौथी हार है। जबकि आरसीबी को 3 जीत मिली है।

## मणिपुर के लिलोंग में तनाव के बाद लगा कर्फ्यू, बल तैनात

**इंफाल।**

मणिपुर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष असकर अली के घर में आगजनी के बाद थौबल जिला प्रशासन ने सोमवार को पूरे लिलोंग विधानसभा क्षेत्र में बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने तथा हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

इसमें कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक ने रविवार रात को रिपोर्ट दी कि लाठियों और पत्थरों से लैस लगभग सात से आठ हजार लोगों ने लिलोंग सम्ब्रुखोंग मामेई क्षेत्र में असकर अली के घर पर धावा बोल दिया और उसे आग लगा दी। असकर अली ने शनिवार को इंटरनेट मीडिया पर ने वक्फ संशोधन अधिनियम का समर्थन किया था, हालांकि घटना के बाद अली ने अपने पिछले बयान के लिए माफी मांग ली। इस बीच रविवार को इंफाल घाटी के विभिन्न हिस्सों में वक्फ संशोधन कानून को लेकर प्रदर्शन हुए। रैली में पांच हजार लोग शामिल हुए। प्रदर्शन के कारण लिलोंग में एनएच 102 पर यातायात बाधित हो गया। थौबल में इरोंग चेसाबा सहित कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र की भाजपा नीत सरकार के खिलाफ नारे लगाए और इस कानून की निंदा की। घाटी के मुस्लिम बहुल इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और अतिरिक्त बल तैनात किए गए हैं। संसद से पारित वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंजूरी दे दी है।



### 55 दिन, 4000 समुद्री मील

## समुद्र प्रदक्षिणा पर रवाना हुआ तीनों सेनाओं की महिला सैनिकों का बेड़ा



**मुंबई।**

तीनों सेनाओं का एक महिला दल सोमवार को भारतीय सशस्त्र नौकायन पोत त्रिवेणी से सेशेल्स के लिए 55 दिवसीय अभियान पर रवाना हुआ।

कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल एके रमेश ने कोलाबा स्थित भारतीय नौसेना जलयात्रा प्रशिक्षण केंद्र से पोत को हरी झंडी दिखाई गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 12 सदस्यीय दल ने 4,000 समुद्री मील की चुनौतीपूर्ण यात्रा शुरू की है। यह पहल नारी शक्ति की अदम्य भावना को उजागर करती है। यह अभियान 2026 के लिए नियोजित एक और अधिक महत्वाकांक्षी अभियान के लिए एक प्रारंभिक चरण के रूप में कार्य करेगा। दल में शामिल महिलाओं को दो साल तक कठोर प्रशिक्षण दिया गया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि मुंबई–सेशेल्स–मुंबई अभियान न केवल सशस्त्र बलों में महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है, बल्कि रानी वेलु नचियार, रानी दुर्गावती और रानी लक्ष्मी बाई जैसी महान योद्धाओं को श्रद्धांजलि है, जिनके कार्य पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। इस ऐतिहासिक यात्रा के सफल समापन को चिह्नित करते हुए 30 मई को ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

### पाकिस्तानियों को बचाने के लिए पहुंचे भारत के मार्कोज कमांडो

**नई दिल्ली।** बलूचिस्तान और सिंध प्रांत के लोग हमेशा से बोलते आए हैं कि पाकिस्तान के लिए हमारी जान की कीमत नहीं है और इस बार ये साबित भी हो गया। इन लोगों ने मदद मांगी लेकिन पाकिस्तान बचाने नहीं आया। मगर भारत के कमांडोज बचाने के लिए पहुंचे।

दुनियाभर में अपनी ताकत के लिए महशूर भारत के मरीन कमांडोज यानी मार्कोज ने एक ऐसा ऑपरेशन किया है।

## ट्रंप के टैरिफ से भारत डरेगा नहीं, निर्यातकों की मदद के लिए सरकार ने बनाया मास्टर प्लान

**नई दिल्ली।**

ट्रंप सरकार के पारस्परिक शुल्क की घोषणा से निर्यात पर होने वाले असर को रोकने के लिए सरकार जल्द ही वित्तीय पैकेज की घोषणा कर सकती है। निर्यातकों को नए बाजार की तलाश के साथ लागत को कम करने के लिए वित्तीय मदद दी जा सकती है। हालांकि निर्यातक ब्याज दरों में छूट के साथ कई अन्य मदद की भी मांग कर रहे हैं। आगामी बुधवार को वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गेनाइजेशंस (फियो) के साथ विभिन्न सेक्टर के एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की बैठक भी बुलाई है। पारस्परिक शुल्क की घोषणा के बाद से ही सरकार के स्तर पर निर्यात पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन शुरू हो चुका है। निर्यातकों के मुताबिक वे चाहते हैं कि अमेरिका व भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) के पहले चरण को पूरा होने तक पारस्परिक शुल्क को टाल दिया जाए।



## वायुसेना के एमआई-17 वी5 हेलिकॉप्टरों में लगेगा स्वदेशी ईडब्ल्यू सूट

**नई दिल्ली।**

वायुसेना के हेलीकॉप्टर इलेक्ट्रानिक वॉरफेयर सूट से लैस होंगे। रक्षा मंत्रालय ने वासुसेना के लिए इलेक्ट्रानिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) सूट, एयरक्राफ्ट मॉडिफिकेशन किट्स को खरीदने और संबंधित उपकरणों को एमआइ-17 वी5 हेलिकॉप्टरों में फिट करने के लिए भारत इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ 2,385.36 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। सोमवार को जारी बयान के अनुसार यह अत्याधुनिक ईडब्ल्यू सूट प्रतिकूल वातावरण में हेलिकॉप्टरों की क्षमता को काफी हद तक बढ़ा देगा। इसके अधिकांश कलपुर्जे स्वदेश में ही बनेंगे। इसे स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा। इस परियोजना से एमएसएमई सहित भारतीय इलेक्ट्रानिक्स और संबंधित उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा। यह परियोजना रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। यह अनुबंध ऐसे समय में किया गया है कि जब पिछले सप्ताह भारतीय वायुसेना ने बीईएल के साथ 593.22 करोड़ रुपये का करार किया था। इसके तहत आकाश मिसाइल प्रणाली के लिए रखरखाव सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जो नए वित्तीय वर्ष 2025-26 से शुरू होगी। बीईएल ने वायुसेना को आकाश मिसाइल प्रणाली भी आपूर्ति की थी, जिसके रखरखाव का ठेका भी उसे मिला है।

**बीईएल के साथ हुई बड़ी डील**



## संपादक की कलम से

# बेहतर सेहत की ओर



**ललित शर्मा**
संपादक

सोमवार, 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस था। स्वास्थ्य के प्रति औसत आदमी ज्यादा सचेत हुआ है, लगातार शोध एवं विकास से दवाएं बेहतर हुई हैं और अस्पताल तथा डॉक्टर तक पहुंच अपेक्षाकृत आसान हुई है। नतीजतन 2019 तक मौजूदा सदी में इनसान की उम्र औसतन 6 साल बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर 73 साल की औसत उम्र तक आम आदमी जिंदा रह सकता है, जबकि भारत में यह सरकारी आंकड़ा औसतन 67 साल है। अलबत्ता चिकित्सकों के आकलन हैं कि यदि समयबद्ध तरीके से दवाइयां ली जाएं, परहेज किए जाएं, निरंतर टहलना-योग आदि किए जाएं और पोषण-व्यवस्था बेहतर हो, तो आम आदमी 80-85 साल की जिंदगी आसानी से जी सकता है। चलता-फिरता रह सकता है। यकीनन स्वास्थ्य के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए गए हैं, क्रांतिकारी प्रयोग किए गए हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को अपवाद के तौर पर छोड़ा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने कोरोना के इंजेक्शन भी बना लिए हैं, बेशक उन पर कुछ विवाद भी हैं, लेकिन उन्होंने आम आदमी को नए प्राण दिए हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कई निर्देश जारी किए हैं और स्वास्थ्य संबंधी अंतरराष्ट्रीय सुधार-स्थितियों के भी खुलासे किए हैं। बेशक भारत में मातृ और शिशु मृत्यु दर लगातार घटती जा रही है। वर्ष 2000 से हमारे देश में 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु-दर में करीब 70 फीसदी कमी आई है। नवजात शिशु की मृत्यु-दर में भी करीब 61 फीसदी की कमी आई है। बेशक ये शानदार आंकड़े हैं, जो हमारी स्वास्थ्य-सफलताओं की कहानी कह रहे हैं। वर्ष 2000 में मातृ मृत्यु की संख्या 384 थी, जबकि 2020 में यह घट कर 103 रह गई। उसके बाद मातृ मृत्यु दर में और भी कमी आई होगी। बेशक भारत में मातृ मृत्यु-दर और नवजात बच्चों की मौत का औसत भी कम हुआ है, लेकिन आज भी करीब 25,000 मांओं की मौत हर साल हो रही है। हर साल प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण भी करीब 3 लाख महिलाओं की मौत हो रही है, जबकि 20 लाख से अधिक बच्चे जीवन के प्रथम माह में ही दम तोड़ देते हैं। ये भयानक आंकड़े हैं। मौत के कारण कुछ भी हो सकते हैं, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि यदि उन्हें बेहतर इलाज मिले और समय पर महिला या शिशु डॉक्टर तक पहुंचाया जा सके, तो ये मौतें भी काफी कम हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम रखा गया है-स्वस्थ शुरूआत, आशावादी भविष्य। साफ मकसद है कि मां और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी जिंदगी को बेहतर बनाना। 2030 तक मातृ मृत्यु-दर में सुधार के लक्ष्य से फिलहाल हर 5 में से 4 देश बहुत दूर हैं, जबकि 3 में से 1 देश नवजातों की मौतों को कम करने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान का एक अनुमान सामने आया है कि बीते दो दशकों के दौरान प्रजनन संबंधी पेचीदगियों के कारण करीब 13 लाख महिलाओं की मौत हुई। वाकई ऐसे आंकड़े चिंतित करने वाले हैं। बहरहाल विश्व स्वास्थ्य दिवस ने जो थीम तय किया है, उसके मद्देनजर एक साल तक अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सरकारों और चिकित्सा-समाज से उम्मीद करेगा कि वे मातृ और नवजात को बचाने के लिए अपने प्रयासों में तेजी लाएं। महिलाओं के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता दें। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मांओं की सेहत को दुरुस्त कर लिया गया, तो दुनिया भर में स्वास्थ्य को लेकर कायाकल्प किया जा सकता है। भारत में स्वास्थ्य को लेकर कई सवाल हैं।

**मोनिका डागा**

## ज़िंदगी करती सलाम है

कविता



जीवन इतनी आसान कहॉ,
यह तो सच में एक संग्राम है,
पास करनी पड़ती परिक्षाएं जहॉ,
तब मिलता सुखद परिणाम है ।

निरंतर करे जो परिश्रम यहॉ,
उसको जिंदगी करती सलाम है,
कठिनाइयों में जो तपता रहॉ,
उसे ही मिलता अपना मुकाम है ।

आलस्य कुसंगतियों का जो यहॉ,
हो जाता आधीन और गुलाम है,
तय है फिर हो जाती खुशियां वहॉ,
उसकी दो कौड़ी की नीलाम है ।

यम, नियम, संयम से चलता रहॉ,
थामी यदि कुशलता से कमान है,
जिंदगी में फिर ₹आनंद₹ बहे वहॉ,
बनती खुद की अलग पहचान है ।

ऐसे ज्ञानीजनों का दुनियां यहॉ,
करती वंदन कोटि-कोटि प्रणाम है,
शुभ कर्मों का शुभ फल मिले वहॉ,
जिंदगी देती हौसलें का ईनाम हैं ।

यूं तो जीवन में सबके ही जहॉ,
रहे दौड़ा भागी ढेरों ही काम है,
खुशियॉं भी बॉटा करो संग में वहॉ,
जीवन तो खुशियॉ लुटाने का नाम हैं ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# वक़्फ (संशोधन) बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली- नया कानून अस्तित्व में आया- यूनिफाइड मैनेजमेंट एंपावरमेंट इंपिरिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) नाम हुआ



गोंदिया

**अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि वक़्फ (संशोधन) बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली- नया कानून अस्तित्व में आया- यूनिफाइड मैनेजमेंट एंपावरमेंट इंपिरिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) नाम हु ।वक़्फ के नए कानून उम्मीद को तीन विपक्षी पार्टियों ने अलग-अलग याचिका दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। मुसलमान वक़्फ अधिनियम 1923 को भारतीय गजट में अधिसूचना जारी कर निरस्त किया गया ।केंद्र सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी कर वक़्फ के बदले लाए गए कानून उम्मीद को लागू करने की तारीख बताई जाएगी व नियम बनाए जाएंगे**

वैश्विक स्तरपर हर लोकतांत्रिक देश में भारतीय भाषा में कहे तो वहां की संसद के दोनों सदनों में लोकतांत्रिक तरीके से ही कोई भी बिल पास करके उसे कानून का दर्जा देकर क्रियान्वयन किया जाता है,उसी कड़ी में भारत में एक और अध्याय वक़्फ संशोधन बिल 2025 के रूप में जुड़ गया है,जो दोनों सदनों में पारित होकर दिनांक 5 अप्रैल 2025 को देर शाम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद अब 'उम्मीद' नाम से कानून बन चुका है व आम जनता की जानकारी के लिए इसे गजट में भी प्रकाशित कर दिया गया है, अब इस कानून को कब से लागू करने की अधिसूचना जारी की जाती है इसपर सभी की नजरें लगी हुई है, चूँकि वक़्फ संशोधन बिल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है,नया कानून अस्तित्व में आया गया है अब उसका नाम यूनिफाइड मैनेजमेंट एंपावरमेंट इंपिरिएंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) हुआ इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे केंद्र सरकार एक अधिसूचना जारी कर वक़्फ के बदले नए कानून उम्मीद को लागू करनेकी तारीख बताएगी व नियम भी बनाए जाएंगे।

साथियों बात अगर हम वक़्फ संशोधन बिल 2025 के कानून बन जाने की करें तो,वक्फ संशोधन बिल संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद अब कानून भी बन गया है,इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है। लोकसभा और राज्यसभा से पास होने के बाद वक्फ संशोधन बिल को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा गया था ।राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ ही वक्फ संशोधन बिल अब कानून बन गया, जो कि पूरे देश में लागू होगा ।संसद के उच्च सदन राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक के पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 वोट पड़े थे, इससे पहले लोकसभा में इसके पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थे ।दोनों सदनों में विपक्षी दलों ने इसका पुरजोर विरोध किया था ।विपक्षी दलों के नेताओं ने इसे असंवैधानिक करार दिया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार से बिल वापस लेने की अपील भी की थी। इस बिल को लेकर सरकार का दावा है कि इससे वक्फ प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समावेशिता को बढ़ावा मिलेगा। गरीब मुसलमान जो अपने अधिकारों से वंचित रहते थे, उन्हें उनके अधिकार मिलेंगे, देश में मुसलमानों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार की दिशा में एक अहम कदम है ।संशोधन और राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी के बाद अब इस बिल का नाम यूनिफाइडमैनेजमेंट एपावरमेंट इफ़्फिइंसी एंड डेवलपमेंट (उम्मीद) हो गया है। यह कानून सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को वक्फ संपत्तियों पर समान उत्तराधिकार अधिकार मिले, जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और मुस्लिम महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों का महत्वपूर्ण व अहम हिस्सा है।

साथियों बात अगर हम इस कानून के प्रावधानों की करें तो, (1) वक्फ बोर्ड की संरचनाः बोर्ड में इस्लाम के सभी फिकरों को प्रतिनिधित्व मिलेगा. केंद्रीय वक्फ परिषद में 22 सदस्य होंगे, जिनमें चार गैर-मुस्लिम से अधिक नहीं होंगे। (2) वक्फ संपत्ति पर नियंत्रणः वक्फ बोर्ड की देखरेख के लिए परमार्थ आयुक्त (चैरिटी कमिश्नर) की नियुक्ति का प्रस्ताव किया गया है, जो यह सुनिश्चित करेगा कि संपत्तियों का उचित मैनेजमेंट हो रहा है। (3) विधवा, तलाकशुदा महिलाओं और अनाथ बच्चों के अधिकारों की रक्षाः कोई भी व्यक्ति अपनी संपत्ति वक्फ कर सकता है लेकिन विधवा, तलाकशुदा महिला और अनाथ बच्चों के अधिकार वाली संपत्तियों को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा। (4) विवादों के समाधान के लिए ट्रिब्यूनलः देशभर में वक्फ से जुड़े 31,000 से अधिक मामले लंबित हैं, इसलिए वक्फ न्यायाधिकरण को अधिक सशक्त बनाया गया है. साथ ही अपील का प्रावधान भी जोड़ा गया है, जिससे असंतुष्ट पक्ष दीवानी अदालत में जा सकता है। (5) राष्ट्रीय संपत्ति और स्मारकों की सुरक्षाःभारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत आने वाली संपत्तियों को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा ।क्यों लाया गया विधेयक ? संसदीय कार्य मंत्री ने सदन में कहा था, 2006 में देश में 4.9 लाख वक्फ संपत्तियां थीं, जिनसे मात्र 163 करोड़ रुपये की आय हुई।2013 के संशोधन के बाद भी यह आय केवल तीन करोड़ रुपये बढ़ी। वर्तमान में देश में 8.72 लाख वक्फ संपत्तियां हैं लेकिन इनके प्रबंधन को प्रभावी बनाने की आवश्यकता थी।

साथियों बात अगर हम इस कानून में जिला कलेक्टर की अहम्-भूमिका की करें तो, कलेक्टर की भूमिका होगी अहम एक प्रमुख प्रिंट मीडिया पेपर में में छपी एक रिपोर्ट में अधिवक्ता विशेषज्ञ ने कहा कि विधेयक में कुछ प्रावधान ऐसे हैं जिन्हें लागू करना आसान होगा। जैसे कि मूल अधिनियम के तहत निरस्त किए गए सेक्शन। वक्फ संपत्ति का निर्धारण करने का अधिकार पहले वक्फ बोर्ड के पास था, लेकिन अब इसे हटा दिया गया है। इसे तुरंत लागू किया जाएगा। कुछ प्रावधानों को लागू करने में समय लगेगा। खासकर कलेक्टर द्वारा की जाने वाली जांच की प्रक्रिया को स्पष्ट करने में। जब वक्फ बोर्ड किसी मामले को कलेक्टर को भेजता है, तो जांच कैसे होगी, इसके नियम बनाए जाएंगे। कुछ संशोधनों के लिए केवल प्रक्रियात्मक बदलावों की आवश्यकता होगी ।उनके अनुसार सरकारी संपत्तियों और नामित अधिकारियों की भूमिका से संबंधित प्रावधानों को भी नियमों में स्पष्ट करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, सरकारी संपत्तियों के लिए,एक नामित अधिकारी होगा। यह अधिकारी कौन होगा, उसका कार्यकाल और अधिकार क्षेत्र क्या होगा, यह नियमों में बताया जाएगा ।नियमों को प्रकाशित करने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय इन नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर प्रिंट मीडिया में बताया कि राष्ट्रपति द्वारा विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद नियम बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा हमें उम्मीद है कि नियमों को प्रकाशित करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा, क्योंकि मंत्रालय विधेयक और संशोधनों को लेकर स्पष्ट है। एक बार नियम बन जाने के बाद, उन्हें कानून बनने के छह महीने के भीतर प्रकाशित करना होगा। कुछ मामलों में, समय सीमा को बढ़ाया जा सकता है। कुछ नियमों के लिए सार्वजनिक परामर्श की आवश्यकता होती है, जिसमें फीडबैक के लिए कम से कम 30 दिन का समय दिया जाता है। यदि इस प्रक्रिया के दौरान कई सुझाव आते हैं, तो प्रकाशन की समय सीमा छह महीने तक बढ़ सकती है। जिन नियमों के लिए सार्वजनिक परामर्श की आवश्यकता नहीं है, उनके लिए समय सीमा विधेयक के अधिनियमित होने से छह महीने है। लोकसभा के पूर्व महासचिव से बात करते हुए विधेयक के अगले कदमों के बारे में बताया ।उन्होंने कहा कि एक बार राष्ट्रपति की सहमति मिलने और इसे गजट में अधिसूचित किए जाने के बाद, संशोधित विधेयक में कुछ प्रावधान हो सकते हैं जो नियमों के लिए हैं और कुछ संशोधन पहले से ही वर्णित हैं। विधेयक का खंड 41 एक नया सेक्शन जो केंद्र सरकार को नियम बनाने का अधिकार देता है। किसी अधिनियम को तभी लागू किया जा सकता है जब नियम बनाए और अधिसूचित किए जाएं, इसलिए नियमों को तत्काल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कुछ मामलों में, सरकार विधेयक को संसद में पेश किए जाने या पारित होने से पहले ही नियम बना लेती है, ताकि जैसे ही यह पारित हो, नियमों को अधिसूचित शीघ्र ही सरलता से किया जा सके। साथियों बात अगर हम कानूनी विशेषज्ञ की राय की करें तो, सुप्रीम कोर्ट के एक विशेषज्ञ अधिवक्ता ने कहा कि संशोधन वक्फ के रूप में संपत्ति घोषित करने वालों को प्रतिबंधित करता है। इसे केवल उन मुसलमानों तक सीमित करता है जो कम से कम पांच वर्षों से मुसलमान हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह कैसे निर्धारित किया जाएगा।

# ट्रंप का टैरिफ वार बनाम वर्ल्ड वॉर



**संजीव ठाकुर**


डोनाल्ड ट्रंप जब दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए थे और उन्होंने अपना सहयोगी सलाहकार एलन मस्क को बनाया था तब लगा सचमुच दुनिया की आर्थिक व्यवस्था में काफी सुधार आएगा दूसरी तरफ ट्रंप ने विश्व युद्ध रोकने की जोरदार मुहिम की शुरूआत की थी लेकिन ट्रंप के टैरिफ हाइक ने भारत के साथ यूरोपीय देशों और नाटो देशों के व्यापार जगत में हड़कंप मचा दिया है। भारत में ही सेंसेक्स 3000 अंक में उछाल ला दिया है और निफ्टी मैं 850 अंक की बढ़ोतरी हुई है। दूसरी तरफ अमेरिका में ही महंगाई 10% का उछाल आया है। अमेरिका ने सभी देशों पर 25 से 35% तक मंहगा कर दिया है जिससे अमेरिका में ही महंगाई का हड़कंप मच हुआ है। ट्रंप की इस मनमानी पर 50 राज्यों में 150 महत्वपूर्ण समूह ने उग्र प्रदर्शन कर दिया है डोनाल्ड ट्रंप के साथ सहयोगी एलन मस्क का भी जबरदस्त विरोध शुरू हो गया। टैरिफ में जबरदस्त बढ़ोतरी, कर्मचारियों में भारी कटौती एवं अर्थव्यवस्था में तेजी से गिरावट के कारण हजारों-हजार नागरिकों और व्यापारिक समूह ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

वैश्विक युद्ध की संभावना को रोकने के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन और जेलेन्सकी की से वार्ता शुरू की जिससे संभावना बन रही थी कि रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-पिलिस्तिनी युद्ध में रोक लगेगी पर ऐसा हुआ नहीं। ट्रंप ने एलन मस्क की सलाह पर टैरिफ बढाकर वैश्विक व्यापार युद्ध को न्योता दे दिया है। विश्व युद्ध रोकने की जगह अब अब व्यापारिक युद्ध का ऐलान हो गया जिससे वर्तमान में अमेरिका में विपक्ष की मुहिम के तहत हुए प्रदर्शनों में 150 से अधिक समूह शामिल रहे इसमें नागरिक अधिकार संगठन श्रमिक संघ एवं वकालत करने वाले समूह बुजुर्ग तथा चुनावी सुधारो में वकालत करने वाले समूह शामिल हो गए हैं। कैलिफोर्निया, मैनहटन से लेकर अलास्का तक देश भर के शहरों में लाखों प्रदर्शनकारियों ने सरकार द्वारा छटनी तथा अर्थव्यवस्था, आवर्जन व मानवअधिकारों पर ट्रंप तथा उनके सहयोगी अरबपति एलन मस्क की कार्रवाई की आलोचना कर खुलकर प्रदर्शन किया जा रहा है। अमेरिका में ही पोर्टलैंड ओरेगॉन और लॉस एंजेल प्रदर्शन कार्यो ने बड़ी-बड़ी रैलियां निकाली है। अमेरिकी राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निर्देशक केबिन हैसेट ने बताया कि व्हाइट हाउस में लगभग 50 देश देश के प्रतिनिधियों से संपर्क कर टैरिफ पर अपनी बात रखी है। प्रदर्शनकारी 150 समूहों ने आरोप लगाया है की ट्रम्प और एलन मस्क अपने आमिर साथियों को फायदा पहुंचाने के लिए नए-नए कदम उठाए हैं जिससे उन्हें ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हो सके और इसका ही खुलकर वहां की आम जनता एवं अन्य समूह विरोध कर रहे हैं। भारत के संदर्भ में भारत के निर्यात पर 25% से 27% टैरिफ लगाने से भारत में भी निर्यात पर महंगाई काफी बढ़ जाएगी एवं इसका असर भारत के घरेलू उत्पाद पर भी पड़ेगा। इस बात के विरोध पर एवं ट्रंप के फैसलों से नाराज लोग बाग लाखों की संख्या में विरोध प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतर आए हैं। विरोध प्रदर्शन में जाने माने उद्योगपति बाल्टीमोर निवासी रॉब अपने बेटों तथा पत्नी कैथरीन के साथ वाशिंगटन में विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए उन्होंने प्रदर्शन करते हुए शेयर बाजार सूचकांक में गिरावट को दशार्ते हुए ग्राफ के साथ एक साइन बोर्ड लगाया था उस पर लिखा गया क्या हमने इसी बात के लिए हमने आपको वोट दिया था हम इस बात का खुलकर विरोध करते हैं। अनेक संगठन तथा अमेरिका के ट्रंप प्रशासन के सरकारी कार्य दक्षता विभाग की छटनी का शिकार हुए हैं एवं इसके विरोध में रैली में शामिल भी हुए हैं। अब ट्रंप तथा एलन मस्क तथा पूरे अमेरिकी प्रशासन को दो बड़े मुद्दों पर पूरे विश्व से नाराजगी झेलनी पड़ रही है। वैश्विक युद्ध रोकने के लिए ट्रंप ने पुतिन को आश्वासन दिया था पर ट्रंप की बात पर यूक्रेन के राष्ट्रपति ने अपना अविश्वास जाहिर किया उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ नाटो तथा यूरोपीय देश के अन्य देश ने यूक्रेन का सांथ देकर अमेरिका का खुलकर विरोध किया है। पुतिन ने यूक्रेन पर जबरदस्त हमले फिर जारी कर कर दिए हैं इसके अलावा इसराइल ने गाजी तथा अन्य क्षेत्र पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए युद्ध विराम की कोई संभावना दिखती नजर नहीं आती इसके अलावा दूसरी तरफ वैश्विक व्यापार युद्ध शुरू हो चुका है। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका में राष्ट्रपति पद की पारी उन पर भारी पड़ती नजर आती है ।

# पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार के तीन वर्षों का सफर



(सुभाष आनंद-विनायक फीचर्स)



पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर उसके द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियां के जो दावे किए हैं उसके बारे में पूरी गंभीरता से विश्लेषण किए जाने की जरूरत है। आम आदमी पार्टी ने सरकार में आने से पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में जो वादे किए थे ,उसमें कितने पूरे हुए और कितने अधूरे बचे हैं इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानने की भी जरूरत है। पंजाब सरकार द्वारा बताई गई उपलब्धियों के संबंध में विरोधी पक्ष अकाली दल और कांग्रेस ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया, यह सरकार नादानों की सरकार है, जिसे सरकार चलाने का कोई ढंग नहीं और सरकारी तंत्र के सुस्त होने की बात कही। ये बात आप को याद होगी कि अकाली भाजपा के 10 वर्ष के शासन काल और बाद में कांग्रेस के 5 वर्ष के शासन काल से तंग आकर लोगों ने बदलाव लाने की ठानी, लोगों को आम आदमी पार्टी से बहुत आशाएं थीं ,लोगों ने आम आदमी पार्टी को इसलिए ही चुना था कि न्याय का राज्य होगा, लोगों की आर्थिक मुश्किल कम होगी, भ्रष्टाचार मुक्त राज्य मिलेगा, परंतु तीन वर्ष बीत जाने के पश्चात लोगों को घोर निराशा ही देखने को मिल रही है।



पंजाब के विधायक निरंकुश हो चुके हैं, कुछ किसानों की ट्रालियां चोरी कर रहे हैं, कुछ ट्रक यूनियन के प्रधानों के पद बेचते रहे, कुछ लोगों की प्रॉपर्टी पर कब्जा कर रहे हैं, कुछ गुंडागर्दी में लगे हुए हैं ,आज पंजाब में आम आदमी का अस्तित्व खोता जा रहा है । सरकार की आर्थिक स्थिति तो पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है, कर्ज लेकर कार्य चलाने पड़ रहे हैं, 3 करोड़ 15 लाख का कर्ज इस सूबे के सिर पर चढ़ गया है, जिसका बोझ सहन करना इसके लिए अति मुश्किल होता जा रहा है। क्योंकि सरकार की बड़ी आमदनी इस कर्ज का ब्याज अदा करने में जा रही है। सरकार कर्ज लेकर चल रहीं हैं, कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। पंजाब में बढ़ते नशे को रोकने के लिए पूर्व सरकारों की भांति यह सरकार भी बुरी तरह असफल रही है, 3 वर्ष पूरे होने के पश्चात नशा विरोधी युद्ध में केवल छोटे-मोटे नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है जबकि बड़े-बड़े मगरमच्छ सरकार की पहुंच से बाहर है। विपक्षी दल कह रहे हैं कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर एक और दो मंजिला मकानों पर पीला पंजा चलाया जा रहा है। जबकि बड़े-बड़े बंगलों और बड़ी कोठियों वालों को राजनीतिक और पुलिस का संरक्षण मिल रहा है। यहां आज भी युवा लोग नशे से ग्रस्त है, पिछले सप्ताह मात्र 5 दिनों में पंजाब में 15 से ज्यादा मौतें नशे का ओवरडोज लेने से हो गई है, सरकार बड़े-बड़े नशा तस्करों को समाप्त करने में सफल नहीं हो रही। आम आदमी पार्टी के नेता कहा करते थे कि पंजाब में किसी भी माफिया को पनपने नहीं दिया जाएगा, आज परिवहन के मामले में मुट्ठी भर लोगों का हाथ ,माइनिंग के क्षेत्र में रेत बजरी का काला धंधा पहले की तरह चलते रहने और शराब माफिया को और मजबूत होने पर आम आदमी नेताओं की पोल खुल गई है। भगवत सिंह मान ने आने वाले वर्षों में एक लाख सरकारी नौकरियां और निजी क्षेत्र में 20 लाख नौकरियां देने की घोषणा की थी,लेकिन 3 वर्षों के शासनकाल में इस क्षेत्र में दर्शाए या निर्धारित लक्ष्य का कहीं अता पता नहीं है। लाखों की बजाय कुछ हजार नौकरियां देकर जनता में वाहवाह प्राप्त करने की कोशिश की गई है। बेरोजगारी भत्ता और लैपटॉप देना आज बहुत दूर की बात रह गई है। महिलाओं को प्रति माह हजार रुपए देने की बात हवा हवाई हो चुकी है। 3 वर्ष बीत जाने के पश्चात चौथे वर्ष के बजट में भी महिलाओं को 1000 रुपए देने का कोई प्रावधान नहीं किया गया।

कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए आम आदमी पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में जोर-जोर से प्रचार किया था, पंजाब के मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को पक्का करने और किसानों का पूरा कर्ज माफ करने की बात की थी,इन सब मामलों में आज वोटर अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय स्कूल गुणवत्ता शिक्षा पुरस्कार सम्मान समारोह का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**



**हापुड़/** जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में गुणवत्ता शिक्षा और पुरस्कार समारोह 2025 के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय दो दिवसीय सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्देश्य भारत और श्रीलंका के बीच शैक्षिक दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था।सम्मेलन की शुरूआत सांस्कृतिक प्रदर्शन और गहरी शिक्षा अंतर्दृष्टि के साथ हुई। श्रीलंका के शिक्षा प्रतिनिधि सुबह स्कूल में पहुंचे। और उन्हें कक्षाओं का दौरा करने के लिए ले जाया गया। उन्होंने अपने सांस्कृतिक नृत्य का प्रदर्शन किया। और अपने पारंपरिक गीतों में से एक को गाया।जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने 'सारे जहां से अच्छा' गाया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने प्रतिनिधियों से अपने पारंपरिक पोशाक और धर्म के बारे में सवाल किए, जिनका जवाब प्रतिनिधियों ने बहुत विनम्रतापूर्वक दिया।सम्मेलन की शुरूआत स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष सिंघल, सचिव डॉ. रोहन सिंघल और प्रिंसिपल डॉ. निधि मलिक ने सभी प्रतिनिधियों का पौधे और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

सम्मान चिन्ह वितरण के बाद, एक के बाद एक सांस्कृतिक प्रदर्शन हुए। जेएमएस के छात्रों ने अघोरी रूप धारण कर नृत्य किया।और विदेशी व्यक्तियों को भगवान शिव की भक्ति और दिव्यता से परिचित कराया। श्रीलंकन प्रतिनिधियों ने अपनी जीवंत संस्कृति का प्रदर्शन किया। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के शिक्षकों ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक प्रेजेंटेशन दी जिसकी सभी ने प्रशंसा की।डॉ. अनुषा दीवान ने उन्नत शिक्षण और एसटीईएम के आधार पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया। डॉ. रश्मि त्यागी ने भारत और श्रीलंका के सभी शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दीं।सत्र के अंत में सभी प्रतिनिधियों की सराहना की गई।

यह सम्मेलन दोनों देशों के बीच शैक्षिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम था।

# जिलाधिकारी ने निमार्णाधीन पार्क व सिद्धार्थ मिनी स्टेडियम का किया निरीक्षण




**वेलकम इंडिया**

**खेसरहा/सिद्धार्थनगर।** जिले के विकास खण्ड खेसरहा के ग्राम पंचायत कलनाखोर में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने सोमवार को निमार्णाधीन पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी खेसरहा को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करायें।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, खण्ड विकास अधिकारी खेसरहा अमित सिंह व अन्य लोग उपस्थित थे। इसी क्रम में विकास खण्ड खेसरहा के ग्राम पंचायत सुपौली में जिलाधिकारी ने सोमवार को निमार्णाधीन सिद्धार्थ मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करायें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, खण्ड विकास अधिकारी खेसरहा अमित सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# खनन माफियाओं ने चकमार्ग खोदकर बेच दिया मिट्टी

**वेलकम इंडिया**



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़.क्षेत्र में खनन माफियाओं के ऊपर पुलिस व प्रशासन का कोई खौफ दिखाई नहीं दे रहा है। विकास क्षेत्र शोहरतगढ़.के ग्राम संतोरी में एक खनन कारोबारी ने चकमार्ग को ही खोदकर उसकी मिट्टी बेच लिया है। ग्राम पंचायत के प्रधान अजय कुमार चौधरी ने उक्त की शिकायत एसडीएम से करके कार्रवाई की मांग की है। ग्राम प्रधान ने शिकायत पत्र देते हुए बताया कि हमारे गांव में रामबिहारी के खेत से सुरेन्द्र के खेत तक चकमार्ग को शक्ति ट्रान्सपोर्ट के मालिक ने जेसीबी से खोदकर चकरोड की मिट्टी को ईंट भट्ठा मालिक के हाथों बेच दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों को मिट्टी का खनन होने से आवागमन प्रभावित हो गया है।जिससे काफी समस्या उठानी पड़ रही है। किसानों का ट्रैक्टर-ट्राली व अन्य कृषि यन्त्र खेत तक ले जाने में काफी दिक्कत हो रही है।वहीं इस सम्बन्ध में एसडीएम शोहरतगढ़ राहुल सिंह ने कहा कि प्रकरण की जांच के लिए राजस्व विभाग की टीम को निर्देशित किया गया है। जांच रिपोर्ट के बाद दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद पुलिस ने रविवार की रात मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के खदरामपुर गांव निवासी नंदलाल चौहान की पुत्री गुड्डन देवी के तहरीर पर जौनपुर जिले के केराकत थाना क्षेत्र के सिंहौली निवासी पति रामलच्छन चौहान, ससुर राजकुमार, सास संतरा देवी, ननद रंजना देवी व देवर राकेश व विशाल के खिलाफ धारा 3/4, 323, 498–अ व 506 का दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई।उक्त मुकदमा महिला गुड्डन देवी द्वारा पुलिस आयुक्त के यहां दिये गए प्रार्थना पत्र पर लिखा गया।महिला की शादी 2016 में 28 मई को हुई थी महिला को एक 4 वषीर्या त्रिशा नामक पुत्री भी है।महिला ने बताया कि शादी के बाद से ही पति, ससुर, सास, ननद व दो देवरों द्वारा दहेज में एक लाख रुपया नगद, एक बुलेट गाड़ी व चेन की मांग किया जा रहा था महिला द्वारा बोला गया कि जितना मेरे पिता के पास था सब देकर शादी किये तो ससुरालियों द्वारा आए दिन महिला को प्रताड़ित कर मारा पीटा जाता था।ससुरालियों द्वारा 2023 में 15 जून को महिला के साथ मारपीट व गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया और घर से भगा दिया गया तभी से महिला मायके आकर रह रही है।महिला द्वारा घटना की सूचना मिजार्मुराद थाने पर दी गई थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही हुआ जिसके बाद महिला द्वारा पुलिस आयुक्त से न्याय की गुहार लगाई गई।

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**वेलकम इंडिया**



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय डोहरिया खुर्द व प्राथमिक विद्यालय इटवा भाट में संयुक्त रूप से शारदा संगोष्ठी व वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय की छात्रा ममता एंड टीम द्वारा शिक्षा गीत बेटा बेटी के पढ़िईह जरूर, देश भक्ति गीत, एकांकी अनपढ़ एक अभिशाप, शीलम साथियों के द्वारा उड़ी उड़ी जाय मेरी धानी चुनरिया, अभिनय व नृत्य झांसी की रानी, खुशबू की टीम द्वारा खेतवा में सोहे किसान हो, अभिनय नशा मुक्ति सरवर जहां टीम द्वारा और लोक नृत्य बड़ा निक लागे हमरे देशवा के माटी आदि कार्यक्रम पेश किया। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र, अंक पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा दीपा को मुख्य अतिथि बीइओ संतोष कुमार शुक्ला ने विशेष पुरस्कार सायकिल, मोमेन्टो, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के टॉपर्स व मीना मंच को भी सम्मानित किया गया। कक्षा 01 से 08 तक के बच्चों के बीच अंक पत्र का भी वितरण किया गया। बीइओ सन्तोष शुक्ला ने नये शिक्षण सत्र में ज्यादा से ज्यादा नामांकन पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व एआरपी मुस्तन शेरुल्लाह ने किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक दधीचि कुमार, कृष्णमोहन प्रसाद, प्रमोद चौधरी, मुस्तन शेरुल्लाह, मनोज यादव, लालजी यादव, संजीव राम, अन्नपूर्णा, सुनीता, रोहिणी चौधरी, सन्तोष कुमार, पृथ्वी पाल, अमन शर्मा आदि लोग मौजूद रहें।

# सिंभावली पुलिस ने स्कूली छात्रा को एसिड अटैक की धमकी देने वाले युवक को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हापुड़।** सिंभावली/सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत किसान डिग्री कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर एसिड अटैक कर जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है

जिसमें पीड़ित ने थाने मे तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।बता दें कि पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर उल्लेख किया है कि उसकी बेटी क्षेत्र में स्थित किसान डिग्री कॉलेज में पढ़ने के लिए जाती है। जिसके साथ सिंभावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव टोडलपुर निवासी शामिल पुत्र मीर हसन अपने साथियों के साथ मिलकर आए दिन उसके साथ छेड़छाड़ करता है। जब बेटी के द्वारा छेड़छाड़ का विरोध किया गया। तो उसके द्वारा तेजाब डालकर जान से मारने की धमकी दी गई है। जिसको लेकर डरे सहमे पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी सुमित तोमर का कहना है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही शुरू करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसके विरुद्ध विधिक वैधानिक कार्यवाही जारी है।

# अवादा फाउंडेशन द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया**




**वाराणसी कछवारोड़।** अवादा फाउंडेशन ने सद्गुरु सेवा संघ, चित्रकूट के सहयोग से 6 एवं 7 अप्रैल को सोनभद्र के ग्राम चिचलिक व बसूहारी में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया। यह शिविर प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित हुआ, जिसमें 193 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेकर नेत्र जाँच एवं उपचार की सुविधाएँ प्राप्त कीं।शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों में नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर रोगों की पहचान करना, तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे, दवाइयाँ एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन जैसी सेवाएँ उपलब्ध कराना था।वही 18 मोतियाबिंद मरीजों को चिन्हित कर चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क ऑपरेशन हेतु भेजा गया।

# प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाने की मांग

**वेलकम इंडिया**




**मिजार्मुराद।** देश में स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाने की मांग को लेकर सोमवार की दोपहर में मनरेगा मजदूर यूनियन व समता किशोरी युवा मंच द्वारा गौर गांव (मिजार्मुराद) व कनकपुर गांव में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया रैली में मजदूरों ने देश में स्वास्थ्य का बजट बढ़ाने, स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाने, सभी मजदूरों को स्वास्थ्य कार्ड बनाने, सभी प्रकार की जांच की निःशुल्क व्यवस्था करने, स्वास्थ्य का निजीकरण रोकने की मांग सरकार के सामने रखा। मजदूरों ने सभी प्रवासी मजदूरों को स्वास्थ्य कार्ड बनाने की मांग किया।इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए मनरेगा मजदूर यूनियन की रेनू पटेल ने कहा कि देश में स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाने की जरूरत है जिससे सभी को निःशुल्क इलाज मिल सके, उन्होंने कहा कि आज जांच करवाना बहुत कठिन काम हो गया है क्योंकि कोई भी जांच करवाने जाते है ।

# दलित युवती से रेप व हत्या का मामला

**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**



**प्रतापगढ़ ।** रानीगंज के पूर्व विधायक फायर ब्रांड नेता धीरज ओझा ने दलित युवती जिसके साथ उसके साथी ने रेप करने के बाद हत्या कर दी थी कि मा को चार लाख बारह हजार पाच सौ रुपे का डेमो चेक सौपा और कहा कि जल्दी ही पीडित परिवार को आवास उपलब्ध करा दूगा और अन्य जो भी सहायता शासन द्वारा हो सकती है दिलाने का प्रयास करूगा।

पिछले हफ्ते रानीगंज के दुर्गागज अस्पताल मे नर्स का काम करने वाली दलित युवती की रेप के बाद हत्या कर दी गयी थी । जिसमे रानीगंज मे बडा बवाल हुआ था और पथराव मे सी ओ रानीगंज का भी सर फट गया था। जिसपर विपक्षी दलो ने जमकर हंगामा करते हुए राजनीति की थी । मौके पर सपा विधायक रानीगंज आर के वर्मा ने भी पहुच पुलिस से बहस करते हुए राजनीति करने का प्रयास किया था ।लेकिन पुलिस जाच मे जैसे ही खुलाशा हुआ कि रेप और हत्या मे युवती अल्पसंख्यक समुदाय के साथी का हाथ है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है तो सभी विपक्षियो का मुह बन्द हो गया और पीडित परिवार को दिए जा रहे आश्वासन भी हवा हो गये।

# दलदल में गिरने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव मिजार्पुर में दलदल में फंसने से एक डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत हो गई मृतक मासूम अजलान के पिता ने बताया कि मेरा बेटा शाम 6:00 बजे से गायब था हमने उसे पूरे गांव में तलाश किया मगर वह नहीं मिला फिर सड़क किनारे एक 10, फूट गहरे गड्ढे में दलदल है उसमें देखा तो बच्चे के पैर ऊपर दलदल में दिखाई दिए हमने बच्चों को निकाला तो बच्चा मृत पाया जिससे पूरे गांव में कोहराम मच गया साथ ही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया यह सब ग्राम प्रधान की लापरवाही के कारण हुआ है ग्राम प्रधान ने तालाब की सफाई करने के नाम पर और मिट्टी बेचने के नाम पर लाखों की ठगी की जिससे प्रशासन ने काम रोक दिया और ग्राम प्रधान ने सड़क के किनारे 10 फुट गहरा गड्ढा खुदवा दिया लोगों ने उसमें कूड़ा डाल दिया जिससे वह दलदल बन गई आए दिन कोई ना कोई उसमें गिरता रहता है इसके साथ-साथ कल दिन में एक घोड़ी भी दलदल में फंस गई जिससे उसकी भी मौत हो गई मगर कुदरत का करिश्मा देखो की घोड़ी मरने से पहले एक बच्चे को जन्म दे गई जो बच्चा जीवित है। इस संबंध में जब ग्राम प्रधान से बात की गई तो वह मीडिया से बचते नजर आए और अपना पल्ला झाड़ कर दुम दबाकर भाग गए।

# जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय हापुड़ पर मासिक बैठक की गई आयोजित

वेलकम इंडिया



**हापुड़**/समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर सभी कार्यकताओं के साथ मासिक बैठक का आयोजन किया गया।बता दे कि समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय हापुड़ पर 7अप्रैल 2025 को जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के द्वारा की गई। एवं संचालन जिला प्रवक्ता संजय सिंह यादव के द्वारा किया गया। आयोजित मासिक बैठक में सपा हाई कमान अखिलेश यादव द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों के अनुसार कार्य किया जा रहा है। सर्वप्रथम पी.डी.ए.कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई। और राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अंबेडकर जयंती स्वाभिमान समारोह'8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किए जाने की घोषणा की गई है।'अंबेडकर जयंती' के पावन अवसर पर आगामी 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक 'समाजवादी बाबासाहेब अम्बेडकर वाहिनी' एवं 'समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ' के संयुक्त तत्वावधान में सपा के सभी कार्यालयों, सभी जन प्रतिनिधियों के स्थानीय एवं आवासीय कार्यालयों में 'स्वाभिमान-स्वमान समारोह' आयोजित किया जाएगा। पीडीए समाज के समस्त सदस्यों से आह्वान है कि वो एकजुट होकर बाबासाहेब की देन और धरोहर 'संविधान और आरक्षण' बचाने के पी डी ए के आंदोलन को नई ताकत प्रदान करें। इस अवसर पर संगोष्ठियों और संभाषणों के माध्यम से दोहराएँ कि 'संविधान ही संजीवनी' हैं।पीडीए की एकता ही संविधान और आरक्षण बचाएगी, पीडीए की एकजुटता ही सुनहरा भविष्य बनाएगी। आइए पीडीए के इस न'स्वाभिमान-स्वमान' के संघर्ष को समारोह में बदल दें। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा समाजवादियों को नारा दिया गया। मासिक बैठक में समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी उत्तर प्रदेश की हापुड़ विंग के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के द्वारा समाजवादी बाबा साहब वाहिनी को मनोनीत पत्र दिया गया। समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जतिन कुमार पुत्र राकेश कुमार लज्जापुरी हापुड़ को समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। और समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव का जन्म दिवस भी केक काटकर मनाया गया। सभी समाजवादी साथियों ने और पदाधिकारीगण ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। और अखिलेश यादव को 2027में उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हम 2027 के चुनाव में हापुड़ की तीनों विधानसभाओं पर जीत दर्ज करेंगे। इस अवसर पर आयोजित मासिक बैठक में तेजपाल प्रमुख पूर्व जिला अध्यक्ष, इकबाल कुरैशी प्रदेश सचिव, श्याम सुंदर भुर्जी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, राजेश यादव शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष, संजय सिंह यादव जिला प्रवक्ता/ जिला उपाध्यक्ष,आदेश गोस्वामी जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग पोस्ट , अख्तर मालिक जिला उपाध्यक्ष, उमार दराज भाटी जिला उपाध्यक्ष , रेशमा यादव महिला सभा जिला अध्यक्ष, अशोक यादव जिला उपाध्यक्ष अयूब सिद्दीकी जिला उपाध्यक्ष अख्तर मलिक जिला उपाध्यक्ष, शहजाद चौधरी खिचरा आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय चक लाहौर्रा में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम आयोजित

वेलकम इंडिया,लईक सैफी



**टाण्डा**।प्राथमिक विद्यालय चक लाहौर्रा विकासखंड भगतपुर टांडा में सोमवार को परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष चंद्र, न्याय पंचायत प्रभारी एवं पूर्व एआरपी ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि सुभाष चंद्र ने बच्चों को रिजल्ट कार्ड, शील्ड और मेडल देकर पुरस्कृत किया और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

सभी बच्चे अपने रिपोर्ट कार्ड पाकर खुश हुए। इस अवसर पर बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करने के साथ ही उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।बच्चों ने अगली कक्षा में और भी मेहनत से पढ़ाई करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक मोहम्मद आरिफ द्वारा किया गया। इस अवसर पर इंचार्ज अध्यापिका शीतल सक्सेना, प्रतिभा, राजेश सिंह, जफर अली, रीना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# देव बाबा की मूर्ति की हुई स्थापना, निकाली शोभायात्रा



वेलकम इंडिया

**मथुरा**/सौंख देव बाबा की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा शोभायात्रा रविवार को भक्तिभाव के साथ निकाली गई। यह शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालु देव बाबा की महिमा का गायन करते हुए मंदिर तक पहुंचे।

गांव नगला आशा में फूलों से सजे रथ में देव बाबा की शोभायात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, बच्चे, महिलाएं मौजूद रहे। भक्ति संगीत की धुनों पर श्रद्धालु भक्ति भाव में नाचते नजर आए। इसके बाद देव बाबा की मूर्ति की स्थापना मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की ह्न इस मौके पर लीला सिंह, ओमप्रकाश सिंह, रामवीर सिंह, किशन सिंह, बने सिंह, राजवीर सिह, मुकेश सिंह, सुनील सिंह, राजपाल सिह, सुरेंद्र सिंह, हरीओम सिंह, हाकिम सिंह, पिंकी सिंह आदि उपस्थित थे।

# मैं अपनों की इस भीड़ में अम्बेडकर भगतसिंह ढूंढ रहा बैखोफ शायर/डॉ नरेश सागर

वेलकम इंडिया



हापुड़/ साहित्य उपवन रचनाकार के तत्वावधान में यमुना बिहार दिल्ली के बौद्ध विहार में एक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में कराया गया। कार्यक्रम का आगाज कवि आर डी गौतम विनम्र द्वारा बुद्ध वंदना से हुआ।

उपवन की स्वर कोकिला अंशी कमल ने मधुरिम स्वर में स्वागत गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया?। मंच की शोभा बढ़ाने वाले साहित्य के क?ई श्रेष्ठ हस्ताक्षर जिनमें कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ. सुनीता सक्सेना मुख्य अतिथि कवयित्री शोभना श्याम विशिष्ट अतिथि आ. मदन लाल राज, सारस्वत अतिथि डॉ.अशोक मधुप, उपवन के संरक्षक डॉ. राकेश सक्सेना, उपवन के मार्गदर्शक डॉ. अशोक कुमार मयंक, एवं सिद्धार्थ बुद्ध विहार के अध्यक्ष / भूतपूर्व विधायक बलजोर सिंह रहे। यह विशुद्ध काव्य गोष्ठी बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। इसलिए सभी रचनाकारों ने अपने काव्य पाठ में बाबा साहेब के संघर्ष को केंद्र में रखकर काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का शानदार मंच संचालन वरिष्ठ कवियत्री सुधा बसोर सौम्या व आर डी गौतम विनम्र ने समवेत रूप से किया।इस अवसर पर उपवन के युवा कवि डॉ. कृष्ण कांत मिश्र की पुस्तक 'दिव्यांजलि' का विमोचन उपवन के संरक्षक डॉ. राकेश सक्सेना मुख्य रचनाकार रहे।तो वहीं हापुड़ के जनकवि/ बेखौफ शायर डा.नरेश सागर ने अपनी बेबाक व निर्भीक कलम के अंदाज में सभी को मंत्रमुग्ध करते हुए दहाड़ते हुए पढ़ा कि कथनी और करनी में अंतर ढूंढ रहा हूं।

मैं अपनों इस भीड़ में अम्बेडकर-भगत सिंह ढूंढ रहा हूं।कार्यक्रम में सभी धर्मों के कवियों ने भाग लिया और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर पर काव्य पाठ किया। आयोजित कार्यक्रम मे डॉ. राकेश सक्सेना डॉ. अशोक कुमार मयंक, डॉ. सुनीता सक्सेना,दिनेश आनंद, दिनेश कुमार, रजनीश त्यागी राज, स्नेहलता भारती, निवेदिता शर्मा शोभना श्याम डॉ. अमृता अमृत कंचन वार्ष्णेय कशिश मदन लाल राज ऊषा शर्मा कृष्णकांत मिश्र अंशी कमल (उत्तराखंड), कमला उनियाल (उत्तराखंड), संगीता बहुगुणा संगी (उत्तराखंड), डॉ. नरेश सागर (हापुड़) सोनिया सरीन साहिबा, सुधा बसोर सौम्या, आर. डी. गौतम विनम्र, सुरेंद्र खेड़ा (मेरठ), एडवोकेट पवन मल्होत्रा (हरियाणा), अलका जैन आनंदी जी, जय बहादुर सिंह राणा, रजनीकांत, डॉ. अशोक मधुप, (नोएडा), जितेंद्र जीत (नोएडा), प्रेम सागर (नोएडा), महेंद्र चतुवेर्दी एवं डॉ. रोहित रोज आदि उपस्थित रहे। वहीं आयोजित कार्यक्रम सादगी सभ्यता और शालीनता के परिसर में सम्पन्न हुआ।

# टांडा पुलिस ने 3.200 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर**। टांडा पुलिस ने सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.200 किलोग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मोनू सैनी पुत्र चौखे लाल निवासी मोहल्ला प्रेमनगर नई बस्ती कस्बा व थाना टांडा जिला रामपुर के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह ने बताया कि सोमवार को पुलिस की एक टीम कस्बा चौकी इंचार्ज रामकुमार सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी।पुलिस टीम जब रामपुर रोड स्थित बिजली घर के पास पहुंची तो एक व्यक्ति हाथ में पकड़े एक प्लास्टिक का थैला लाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया और नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम मोनू सैनी पुत्र चौखे लाल निवासी मोहल्ला प्रेमनगर नई बस्ती कस्बा व थाना टाण्डा जिला रामपुर बताया।पूछताछ में आरोपी ने प्लास्टिक के बैग में गांजा होने की बात बताई। इसके बाद पुलिस टीम ने मजिस्ट्रेट को सूचित किया और तहसीलदार शिव कुमार शर्मा के नेतृत्व में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 3 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

# एथेनॉल फैक्ट्री में फटा बॉयलर...आग लगने से दो मजदूर झुलसे



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली**। अलीगंज क्षेत्र में एथेनॉल फैक्ट्री में आग लगने का मामला सामने आया है। जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग की वजह से दो मजदूरों के झुलसने की बात कही जा रही है। यह घटना सोमवार सुबह उस वक्त हुई जब फैक्ट्री में ट्रायल चल रहा था। इस दौरान अचानक बॉयलर धमाके के साथ फट गया। बॉयलर का कैप करीब 500 मीटर दूर जाकर खेतों में गिरा। जहां काम कर रहे किसान भी दहशत में आए हैं। फैक्ट्री में काम कर रहे दो मजूदर घायल हो गए जबकि बॉयलर का कैप गेहूं के खेत में गिरने से किसान भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। आग इतनी भीषण थी कि दमकल की पांच गाड़ियों को मौके पर बुलाना पड़ा तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना की सूचना मिलते ही एडीएम, एसडीएम और सीओ समेत तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

# अड़ींग पंप पर सेल्समैन का सिर फोड़ा



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन**। बीती रात करीब आठ बजे जगन प्रसाद फिलिंग स्टेशन अड़ींग पर तीन-चार लोगों ने सेल्स स्टाफ के साथ जबरन मार पीट की। हमलावरों ने जान बूझकर गाड़ी में डीजल डलवाकर अनावश्यक रूप से झगड़ किया। झगड़ा पंप के मुनीम के भाई शिवकुमार के साथ किया जबकि डीजल खेमचंद सेल्समैन निवासी सहार ने डाला था। पुलिस को हमलावरों के खिलाफ तहरीर दे दी है। शिवकुमार यादव निवासी अड़ींग जगन पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का काम करता है। इसी बीच कुछ लोगों ने गाड़ी संख्या यूपी 85 सीवी 6138 की टंकी फुल कराई। करीब 3670 रुपए का डीजल भरने पर गाड़ीवान कहने लगे कि 3300 रुपए में टंकी फुल होती है। 3670 का कैसे हो गया। सेल्समैन खेमचंद ने कहा कि जीरो दिखाकर डीजल डाला है। यदि तोल को लेकर संतुष्ट होना है तो लीटर में 5 लीटर डीजल डालकर या अन्य तरीके से चैक कर लो। इसके बाद इन लोगों में से एक ने पंप मालिक को भी फोन किया। इसके बाद भी वह झगड़े पर आमदा रहे। इसी बीच माधुरी कुण्ड निवासी निर्भय ठाकुर एवं दो अन्य लोगों ने पीड़ित सेल्समैन शिवकुमार को बुलाकर गाली गलौज शुरू शुरू कर दी। हमलावरों ने शिवकुमार को धकेलते हुए पंप आफिस तक खदेडकर मार पीट शुरू कर दी। इसी बीच एक व्यक्ति ने शिवकुमार के सिर पर पीछे से किसी हथियार से वार कर दिया। शिवकुमार लहूलुहान हो गया। जैसे तैसे शिवकुमार ने जान बचाई। छीना झपटी में जेब में रखा पंप का कैश भी गुम हो गया। पुलिस ने तहरीर लेकर शिवकुमार का मेडिकल कराया है।

# सीबीगंज के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व स्वास्थ्य दिवस समारोह का आयोजन किया गया

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। सीबीगंज क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में विश्व स्वास्थ्य दिवस समारोह का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह एवं डॉक्टर पवन कपाही के दिशानिर्देशन में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता की उपस्थिति में स्वास्थ्य और योग की थीम पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि जीवन को स्वास्थ्य रखने के लिए योग एक अहम भूमिका निभाता है।

क्योंकि आज के बदलते हुए युग में बीमारियां बहुत तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी मुख्य वजह बदलते युग का खानपान तथा इंसान के पास समय की कमी है। यदि हम अपनी दैनिक दिनचर्या से थोड़ा समय निकलकर योग शुरू कर दे तो मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं से निजात पा सकते है। इस अवसर पर अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में योग सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें योग की विभिन्न कलाओं को करके दिखाया गया एवं विभिन्न कलाओं की महत्ता को भी विस्तृत रूप से बताया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र पर आए मरीजों तथा उनके साथ आये तीमारदारों को भी योगासन के बारे में बताया गया। इस अवसर स्वास्थ्य केंद्र पर आए मरीजों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच तथा अन्य जरूरी जांचें भी करवाई गई।

इस अवसर आशाओं का टी डी का वैक्सीनेशन कराया भी गया। इस खास मौके पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी, सरस्वती के साथ अन्य आशा वर्कर भी उपस्थित रही।

# सेवानिवृत्ति शिक्षकों को दिया सम्मान




**खुर्जा**। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में सेवानिवृत शिक्षकों का विदाई समारोह कार्यक्रम विकास अधिकारी कार्यालय के विशाल सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यशपाल सोलंकी राष्ट्रीय स्वयंसेवा के प्रांत संयोजक, कार्यक्रम के अध्यक्ष भूदत्त शर्मा,खंड विकास अधिकारी विवेक कुमार,खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार डबराल एवं जिला अध्यक्ष अनिल तोमर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन मेघदत्त शास्त्री, सीमा शर्मा ने किया। विमला देवी उच्च प्राथमिक विद्यालय अरनिया मंसूरपुर, परमेश्वरी उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला शेखू, होशियार सिंह उच्च प्राथमिक विद्यालय अहरौली के अध्यापकों को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने पगड़ी, प्रशस्ति पत्र एवं विशेष सम्मान से सम्मानित किया। राष्ट्रीय शिक्षक माह संघ खुर्जा के अध्यक्ष पवन कुमार ने आए हुए सभी अध्यापक एवं सम्मानित अतिथियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया।

# पैदल पुल का निर्माण पूर्ण नही होने पर नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**,पैदल पुल की मांग को लेकर कपकोट तहसील के बैसानी गांव के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां अपनी मांग के समर्थन में उन्होंने प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि एक साल पहले गांव में पुल के निर्माण के लिए आंगणन बनकर तैयार हो गया है, लेकिन निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं हो पाया है। निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य रेखा देवी के नेतृत्व में ग्रामीण सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शन के बाद उन्होंने अपनी समस्या का एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा कि उनके गांव के ग्वाड़बगड आंगनबाड़ी केंद्र के समीप एक पैदल पुल की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी है। बारिश के दिनों में आंगनबाड़ी केंद्र तक बच्चों को पहुंचाना चुनौतीभरा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यदायी संस्था लोनिवि कपकोट ने आंगणन तैयार कर भेजा दिया था, लेकिन खनन न्यास में मामला लंबित है। पुल के अभाव में यहां पर पूर्व में जनहानि भी हो चुकी है। नदी के पास पुस्तैनी जमीन होने के कारण लोगों की यहां आवाजाही भी बदस्तूर जारी है। उन्होंने जल्द चयनित स्थान पर पुल बनाने की मांग की। मांग नहीं माने जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर ग्रामीण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन की महिला प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष बनी सबा खान



वेलकम इंडिया

**झाँसी** । राष्ट्रीय अधिमान्य पत्रकार संगठन की बैठक सीपरी बाजार स्थित जिला कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमे राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव की संस्तुति पर जिलाध्यक्ष सोनू साहू ने महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष सबा खान (दबंग पत्रकार) को घोषित किया, वही इस अवसर पर मौजूद समस्त पत्रकारों ने सबा खान को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सबा खान ने सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह पूरी निष्ठा, कर्तव्यपूर्ण व ईमानदारी से निभाएंगे और पत्रकारों के हितों की आवाज को शासन-प्रशासन तक बुलंद करेंगी । वही जिलाध्यक्ष सोनू साहू ने बताया कि पत्रकार संगठन पत्रकारों के हितों के लिए काम कर रही है. इस दौरान प्रतीक सेमसन, मुस्ताक अली,विष्णु प्रजापति, प्रदीप वर्मा, राजकुमार शर्मा, संजीव गोस्वामी, राजेंद्र कुमार, हरीश कुमार वीरू, महेंद्र राज साहू, पुनीत श्रीवास्तव आदि पत्रकार मौजूद रहे

# गर्मी से पहले राहत की तैयारी : कठौता झील की सफाई शुरू जलापूर्ति होगी बेहतर

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ।** गर्मियों में पानी की किल्लत न हो, इसके लिए लखनऊ नगर निगम और जलकल विभाग ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में कठौता झील की डी-शिल्टिंग और ड्रेजिंग का काम सोमवार से शुरू हो गया है। सुबह-सुबह खुद मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने मौके पर पहुंचकर काम का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के वक्त नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, जीएम जलकल कुलदीप सिंह, चीफ इंजीनियर जलकल शमीम अखतर, एठ जलकल जोन-4 विकास शर्मा और नगर निगम व जलकल विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे। बताया गया कि सफाई के बाद झील की वॉटर स्टोरेज कैपेसिटी तीन गुना तक बढ़ जाएगी, जिससे गर्मी में गोमती नगर और इंदिरा नगर के लोगों को पानी की दिक्कत नहीं होगी। यह पूरा अभियान महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देशन में किया जा रहा है। उनका कहना है कि गर्मी में पानी की जरूरत बढ़ जाती है, ऐसे में अभी से पानी स्टोर करने की क्षमता बढ़ाना बेहद जरूरी है। कठौता झील से गोमती नगर और इंदिरा नगर के कई इलाकों में जलापूर्ति होती है, इसलिए यहां सफाई और पानी भरने का काम प्राथमिकता पर लिया गया है। कठौता झील की लंबाई लगभग 1200 मीटर और चौड़ाई 600 मीटर है। झील के इनलेट पॉइंट (जहां से पानी अंदर आता है) पर करीब डेढ़ लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी जमा हो गई थी, जिसकी डी-शिल्टिंग का काम सोमवार से शुरू कर दिया गया है। अगले 20 दिनों में इनलेट की सफाई पूरी कर ली जाएगी। वर्तमान में कठौता झील मे 05 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी है। 17-18 मई की रात में शारदा नहर को सफाई के लिए बंद किया जाएगा, इसलिए उससे पहले झील में भरपूर पानी स्टोर कर लिया जाएगा। इसके लिए 25 अप्रैल से झील को भरने का काम शुरू किया जाएगा। झील के बीच वाले हिस्से की सफाई के लिए ड्रेजिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे पानी की गहराई भी बढ़ेगी और झील की कुल क्षमता में सुधार होगा। जलकल विभाग 15 पोकलैंड मशीनें और डंपर की मदद से मिट्टी बाहर निकाल रहा है। साफ की गई मिट्टी को यूं ही फेंका नहीं जाएगा। इस मिट्टी को अकबरनगर इलाके और मनोरथा गौशाला के निर्माण कार्यों में इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही, नगर निगम और एलडीए के प्रोजेक्ट्स में भी इसका उपयोग किया जाएगा, जिससे संसाधनों की बबार्दी नहीं होगी। इस पूरी प्रक्रिया का सीधा फायदा लखनऊ के लोगों को मिलेगा। गर्मियों में पानी की किल्लत एक आम समस्या रही है, लेकिन इस बार कठौता झील की सफाई और समय रहते जल संचयन से जलापूर्ति बेहतर होने की उम्मीद है। नगर निगम की इस पहल को शहरवासियों ने सराहा है और उम्मीद जताई है कि ऐसे ही काम समय पर होते रहें तो शहर की समस्याएं काफी हद तक कम हो सकती हैं।

# धौलपुर में रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा विधिवत पूजा अर्चना कर निकाली गई



**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान ।** धौलपुर में रामनवमी के अवसर पर शोभायात्रा का विधिवत पूजा अर्चना कर निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत पुराना शहर महात्मा नंद की बगीची से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्ग टाउन चोकी, फदद्दी चौराहा , सराय गजरा, लाल बाजार, सतर रोड होते हुए गडरपुरा श्री राम मंदिर पर समापन हुई।शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य तोरण द्वार और भगवा ध्वजों से सजाया गया। शोभा यात्रा में रामायण की विभिन्न झाकिया मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। भगवान श्री राम माता पिता लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकीयो ने भाव विभोर कर दिया। बच्चों और युवाओं ने धार्मिक नृत्य और रासलीला सहित प्रस्तुतियां दीं।पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने 'जय श्री राम' और 'सियाराम मय सब जग जानी' के जयकारे लगाए। समाजसेवी संस्थाओं द्वारा कई स्थानों पर भंडारे और जलसेवा के स्टॉल लगाकर श्रद्धालुओं को प्रसाद और शीतल पेय वितरित किए गए। सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस बल तैनात किया गया। और ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।

# गोवर्धन वासियों के लिए मानसी गंगा के मायने क्या हैं?

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** गोवर्धन स्थित मानसी गंगा आस्था के केंद्र में है मान्यता यह है कि इसको श्रीकृष्ण ने अपने मन से प्रकट किया कुछ लोग यह बताते हैं कि भगवान ने अपनी बांसुरी से इस खोदकर बनाया। मानसी गंगा गोवर्धन के मध्य में स्थित है इसके चहुं ओर प्राचीन देव स्थान है जिनमें श्रीहरदेव जी मंदिर, श्री मुकुट मुखारबिंद और चक्रेश्वर महादेव मुख्य है।

मानसी गंगा का स्वरूप अनोखा है और इसके तल में हमें श्री गिरिराज महाराज के दर्शन होते हैं। लेकिन धीरे धीरे मानसी गंगा का महत्व कम होता जा रहा है जिसका मुख्य कारण है स्थानीय लोगों द्वारा अनदेखी। पहले से ही मानसी गंगा का स्नान हेतु और स्थानीय लोगों द्वारा कपड़े धोने हेतु प्रयोग किया गया है जिसमें साबुन, सर्फ का प्रयोग करने से पानी खराब हो चुका है, लोग सामूहिक नहान के वक्त भी इसका प्रयोग करते रहे हैं जिसकी वजह से वहां घाटों पर गंदगी बढ़ने लगी और आज यह स्थिति है कि लोग सामूहिक नहान के वक्त मानसी गंगा में नहाने से बचते हैं। गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे मानसी गंगा में तैराकी सीखते थे जो धीरे धीरे बहुत कम होता जा रहा है। इस सबका मुख्य कारण है मानसी गंगा के जल की गुणवत्ता में गिरावट। 2009झ10 की सफाई और करोड़ों रुपए की सीवर लाइन परियोजना के बाद स्थिति अब पहले से भी दयनीय है। गुरु पूर्णिमा पर सड़क पर चलने वाले फुव्वारों से गंदा पानी सीधे सरोवर में जाता है, आस पास के मोहल्ले और इमारतों का गंदा पानी सीधे गंगा में गिरता है और बारिश के दिनों में सड़कों की गंदगी पानी के साथ मिलकर गंगा में जाती है,यात्री भी अपने गंदे वस्त्र आदि भी घाटों पर छोड़ जाते हैं, हाल ही का उदाहरण देखें तो पता लगता है हर वर्ष की तरह इस बार भी लोगों ने अपने घर के मंदिरों के नवरात्रों पर प्रयुक्त हुए फूलझपाती आदि सामग्री को पॉलीथीन में बांध कर गंगा में फेंका गया है जो की गंगा के प्रदूषण को बढ़ाता है और जैविक ऑक्सीजन मांग को प्रभावित कर पानी को जीव जंतुओं के रहने लायक नहीं छोड़ता है, इसी कारण से मानसी गंगा में रहने वाले ज्यादातर जीव जंतु अब नहीं दिखते।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर, गोविन्द मेहता,** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में सोमवार को तहसील सभागार में जनता दरबार आयोजित हुआ।जिलाधिकारी ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार मे पहुँचे फरियादियों की समस्याओं को गहनता से सुना और उनकी समस्याओं का निदान किया।जनपदवासियों की समस्याएं सीधे तौर पर सुनी गईं। जनता दरबार में 14 शिकायतें प्राप्त हुई।जिनका जिलाधिकारी ने मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी के जनता दरबार में पूर्व में भी शिकायत लेकर पहुंचे मेहनरबूंगा निवासी नवनीत बिष्ट ने अपने आवासीय भवन के पास स्थित पेड़ से खतरे की आशंका जताते हुए उसके पातन का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए वहीं, देवलचौरा निवासी नारायण सिंह ने अपने किरायेदार द्वारा अभद्रता करने और मकान खाली न करने की शिकायत दर्ज कराई।जिलाधिकारी ने इस मामले



में पुलिस अधीक्षक एवं उपजिलाधिकारी को नियमानुसार जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में सड़क और निर्माण संबंधी मुद्दे भी उठे। मेहनरबूंगा के ही देव राम ने बिलौना-मेहनरबूंगा-दफौट बाईपास मोटर मार्ग निर्माण के दौरान उनकी भूमि पर डाले गए मलबे को कई साल बीत जाने के बाद भी न हटाए जाने की शिकायत की। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताते हुए लोनिवि के अधिशासी अभियंता को मलबा हटवाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गापानी क्षेत्र के ग्रामीणों ने ओखलधार-गापानी से कमेटपानी तक सड़क सर्वे की मांग रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, ढपटी निवासी दान सिंह ने विजयपुर-ढपटी-बासतोली मोटर मार्ग निर्माण के कारण क्षतिग्रस्त हुए अपने भवन की सुरक्षा दीवार की मरम्मत की मांग उठाई। भूमि संबंधी मामलों में मंडलसेरा निवासी मोहन गिरि ने अपनी भूमि की भौतिक तस्दीक कराने का अनुरोध किया, जबकि कठायतबाड़ा निवासी गोविंद सिंह ने पड़ोसी द्वारा उनकी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की गुहार लगाई।

तहसील रोड निवासी पुष्कर सिंह ने पानी का बिल माफ करने का अनुरोध पत्र सौंपा। इनके अतिरिक्त अन्य फरियादियों ने भी अपनी विभिन्न समस्याओं और शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी मामलों का संज्ञान लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता दरबार में प्राप्त सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर, नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जाए, तथा इसकी सूचना संबंधित शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए।जनता दरबार के उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की समीक्षा भी की। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे सभी लंबित शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के शेष पंजीकरण शीघ्र पूर्ण कराने, जनजागरूकता शिविरों के आयोजन और यूसीसी से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने हेतु ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, उप जिलाधिकारी मोनिका एवं अनिल सिंह रावत, डीडीओ संगीता आर्य, सीएमओ डॉ कुमार आदित्य तिवारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# नाराज हुए शिक्षक हाथों पर बांधी काली पट्टी और दर्ज कराया अपना विरोध

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर राजस्थान।** 7 अप्रैल सोमवार को तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले खोलने पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाने और तृतीय श्रेणी अध्यापक डीपीसी की मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत द्वारा काली पट्टी बांधकर सरकार के सामने विरोध दर्ज कराया। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की प्रदेश इकाई द्वारा एक जूम बैठक आयोजित की गई थी जिसमें यह निर्णय लिया गया था की सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादला नहीं खोल रही है जबकि सरकार द्वारा तबादला खोलने का वादा किया गया था प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने कहा कि सरकार अपना वादा भूल गई है। सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति की बात करती है लेकिन उस पर कार्य नहीं करती अगर सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति लेकर आती है तो कई समस्याओं का हल एक साथ हो जाएगा। प्रदेश महामंत्री डा रनजीत



मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा जनवरी माह में जब सभी विभागों में स्थानांतरण खोले जा रहे थे तब कहा था कि अध्यापकों के तबादले 15 मार्च के बाद होंगे। अब जब बोर्ड परीक्षाएं खत्म हो गई हैं तो शिक्षक सरकार के सामने पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। अध्यापक और अध्यापिकाओं ने शिक्षक संघ एकीकृत के इस आंदोलन में जमकर भाग लिया सबने वर्षों से तबादले नहीं होने का दर्द सरकार के सामने रखा।

# अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नजीबाबाद मयंक कुंडू को ज्ञापन सौंपा



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**नजीबाबाद।** युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ता नगर पालिका परिषद नजीबाबाद पहुचे। जहां उन्होंने एसडीएम अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नजीबाबाद मयंक कुंडू को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में युवा कांग्रेसियों ने मांग करते हुए कहा कि हमारे देश के दो महान व्यक्तित्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं नगर क्षेत्र में लगाई जाए और उनके नाम पर सार्वजनिक स्थल का नामकरण किया जाए। क्यों कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, जबकि भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण के माध्यम से हमारे देश के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया, उनकी प्रतिमाएं हमारे युवाओं को प्रेरित करेंगी और हमारे देश के इतिहास और संस्कृति के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। ज्ञापन सौंपने वालों में विधानसभा अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, रिहान जमाल अंसारी, रईस कुरैशी, फैज एडवोकेट, अमजद सिद्दीकी, विश्व मोहन, नदीम फारुकी, वसीम अख्तर, रिहान नवाज एडवोकेट, शहबाज अख्तर, अकरम खां, शारिब अंसारी, फराज एडवोकेट, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# खेत खलियानों में लगे नलकूपों की बढ़ती चोरियों पर अंकुश लगाने को लेकर सोपे ज्ञापन



**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** भारतीय किसान यूनियन टिकेट गुट के कार्यकताओं ने सीओ अंजनी चतुवेर्दी को मांग पत्र सौंप कर गांव गांव खेत खलियानों नलकूपों की बढ़ती चोरियों पर अंकुश लगाने और चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।

सोमवार को सीओ अंजनी चतुवेर्दी को सोपे मांग पत्र में कहां की क्षेत्र के ग्राम तेलीपाड़ा, बिंजाहेडी, नियामतपुर व अन्य ग्रामों में किसानों के खेतों में लगे निजी नलकूपों को अज्ञात चोर चोरी कर ले जा रहे हैं नलकूपों की चोरी की वारदातें क्षेत्र में बढ़ती जा रही है नलकूपों के प्रति चोरिया से जहां किसानों में दहशत का माहौल व्याप्त है वही नलकूप चोरी हो जाने से फसलों की परवरिश करने में तमाम परेशानियां हो रही है। किसान नेताओं ने पुलिस क्षेत्र अधिकारी अंजनी चतुवेर्दी से नलकूपों की चोरियों का पता लगाकर चोरों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उन्होंने सांप कहां के यदि नलकूपों की चोरियों पर अंकुश नहीं लगा तो किसान यूनियन आंदोलन शुरू कर देगी। चौधरी बलजीत सिंह, राम भजन सिंह, शोवीर सिंह, राहुल चौधरी, इमरान मलिक, अंकित कुमार, शुभम कुमार, घासीराम, विकास कुमार, सुखबीर सिंह, शुभम चौधरी आदि रहे।

# ऑपरेशन स्माइल : पुलिस ने 70 अपह्लता, अपहृत, गुमशुदा को सकुशल बरामद किया

**वेलकम इंडिया**

**हाथरस।** (जितेन्द्र कुमार) अवगत कराना है कि पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार अपह्लता, अपहृत, गुमशुदा के सकुशल बरामद करने हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन स्माइल चलाया गया था। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी थानों में पुलिस टीमों का गठन किया गया था तथा सर्विलांस टीम को लगाया गया था। उक्त अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सादाबाद व क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के निकट पर्यवेक्षण मे हाथरस



पुलिस एवं सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्यवाही मे दिनांक एक फरवरी 2025 से सात अप्रैल तक कुल 33 गुमशुदा लडका/लडकी व 37 अपह्लता, अपह्लत सहित कुल 70 अपह्लता गुमशुदा को बरामद किया गया । जिसके उपरांत नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बरामद अपहताओं-अपहृत को परिजनो के सुपुर्द किया गया है।

# भगवान श्रीराम के जन्म दिवस पर सत्य का संकल्प लेना चाहिए : मण्डल अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**

**रह।** आज चैत्र नवरात्रि के नौ वें स्वरूप मां सिद्धिदात्री और रामनवमी को लेकर ओल मंडल में हवन यज्ञ में पूणार्हूति अर्पित करते हुए देवी मां की स्तुति की और भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। वहीं भाजपा के स्थापना दिवस पर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए।ओल मंडल अध्यक्ष मनीष ओझा ने कहा भाजपा राजनीतिक की धुरी बन गई है।भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के जन्मदिवस पर हमें सत्य, सदाचार, त्याग का संकल्प लेना



चाहिए। हवन यज्ञ से जहां परमात्मा की कृपा प्राप्त होती है, वहीं वातावरण में भी शुद्धता आती है, आज रामनवमी एवं भाजपा के 45वें स्थापना दिवस हवन यज्ञ का आयोजन किया गया है। भाजपा के 45वीं वर्षगांठ को लेकर पूरे मथुरा सहित प्रदेशभर में भाजपाईयों ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करते हुए श्रीराम प्रभु का जन्मोत्सव मनाया।

# सीबीगंज के चंदपुर काजियान से डीएसओ की टीम ने जप्त किए 44 सिलेंडर

**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** शहर के आसपास के इलाकों में गैस गोदामों की स्थिति टेकिंग टाइम बम जैसी बन चुकी है। इसको लेकर जिला पूर्ति अधिकारी नीरज सिंह की टीम ने सीबीगंज क्षेत्र के चंदपुर काजियान में अवैध रूप से गैस सिलेंडरों के भंडारण को लेकर छापेमारी की। लगभग 2 घंटे तक चली इस छापेमारी में जिला पूर्ति अधिकारी के टीम के सदस्यों ने बारीकी से एक-एक चीज की परख की, दुकानदार मोहम्मद तकी के बयान दर्ज किए, वहीं आसपास के लोगों से भी यह कारोबार कितने दिन से चल रहा है इसकी जानकारी ली। जिला पूर्ति अधिकारी



की टीम के सदस्यों द्वारा वाहन मंगवा कर जप्त किए हुए 44 गैस सिलेंडरों को बरेली गैस एजेंसी के सुपुर्द किया गया। आपको बता दे की हाल ही में थाना बिथरी चैनपुर के रजऊ परसपुर में सिलेंडरो से भरे एक ट्रक में अचानक



लगी आग और धमाकों ने पूरे इलाके को दहला दिया था। गनीमत तो यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई थी। इस हादसे के बाद जिला प्रशासन द्वारा शहर के अंदर उन जगहों को चिन्हित किया जा रहा है जहां पर अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण होता है। शहर में कई ऐसे इलाके हैं जहां पर सिलेंडरों का जखीरा बस्तियों के बीच रखा हुआ है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जिला पूर्ति अधिकारी की टीम के द्वारा की गई इस कार्यवाही के बाद अब अवैध रूप से गैस सिलेंडर रखने वालों में दहशत का माहौल है सीबीगंज के कई ऐसे स्थान है जहां पर अभी भी अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण होता है जैसे ही जिला पूर्ति अधिकारी की टीम द्वारा छापेमारी चंदपुर काजियान में की गई वैसे ही सूचना पाकर लोगों ने अपने यहां से सिलेंडरों को इधर-उधर करना शुरू कर दिया।

# नटराज आर्ट ने किया 170 वें इवेंट का शानदार आयोजन

वेलकम इंडिया




**नई दिल्ली। विवेक जैन।** नई दिल्ली के पश्चिम विहार मेपल गोल्ड रेडिसन ब्लू होटल में नटराज आर्ट और बेटियां फाउंडेशन ने मिलकर 170 वें इवेंट का शानदार आयोजन किया। कार्यक्रम में संजय कुमार आईपीएस ऑफिसर डीजीपी रैंक ने चीफ गेस्ट व डॉ नीरज कुमार गुप्ता प्रोड्यूसर एक्टर ने सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर मेकअप कंपटीशन, मॉडल कांटेस्ट, सिंगिंग कंपटीशन व ग्रेट इंडियन अवार्ड का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सिद्धेश जाधव इंटरनेशनल जूरी मिस स्नेहा शालू मेकओवर मीनाक्षी खन्ना सुवर्णलता मुम्बई सुचित्रा कौल प्राची कांगड़ा जूरी रहे। कार्यक्रम में शालू मेकओवर राधा भाटी एवं नीरज सिंह अज्जू मेकओवर ने लाइव मेकअप सेमिनार दिया। मेकअप कंपटीशन में नेहा गुप्ता प्रथम छवि मेकओवर ने द्धितीय व मानसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मॉडलिंग कंपटीशन की मिसेज कैटेगरी में जस्मीन विनर रही, ममता शर्मा फर्स्ट रनर अप व मीनल सिंह फौजदार सेकेंड रनर अप रही। मिस कैटेगरी की विनर खुशी रही, विभा फर्स्ट रनर अप व शेरोंन सेकेंड रनरअप रही। किड्स कैटेगरी में विधि चेतन जलगांव महाराष्ट्र विरन रहे, खुशी फर्स्ट रनरअप रही। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को माला, पटका पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। नटराज क्लब के अध्यक्ष लक्की कश्यप ने दिन-रात मेहनत कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शशिकांत गुप्ता अवध सत्तू मुकेश जैन सागर सिंह प्रांजल जैन बेटियां फाउंडेशन प्रियंका चौहान छवि मेकओवर की प्रशंसा की और बताया कि अगला इवेंट अगले महीने आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में आनंद डॉन एवं पवन गेरा एंकर व सौरभ फैशन डिजाइनर अरहान कुरैशी व इमरान राजपूत शो कोरियोग्राफ रहे। इस अवसर पर इंटरनेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, शशि नागर डांस कोरियोग्राफर मुख्य संरक्षक लायन गुलफाम व लायन राजकुमार शर्मा, मीडिया से मुकेश भोगल समाचार निर्देश राजेश चौहान डीडी न्यूज तरुण निवेश आपकी सेहत मैगजीन सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## मेवाड़ के पुरस्कार वितरण समारोह में 565 विद्यार्थी पुरस्कृत

**गाजियाबाद।** 'अभिव्यक्ति-2025 नाम से आयोजित वार्षिकोत्सव में 565 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ी भी इनमें शामिल रहे। 140 खिलाडियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। जबकि 140 विद्यार्थियों को रजत पदक और 20 विजेता खिलाडियों को कांस्य पदक देकर पुरस्कृत किया गया। सभी विजेताओं को मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया और निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने पुरस्कार वितरित किये। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खूब समां बांधा। डॉ. अलका अग्रवाल के मुताबिक खेल प्रतियोगिताओं में 320 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। 300 विजेता रहे। जिन्हें पदकवार पुरस्कृत किया गया। जबकि विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल रहे 224 विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। सभी को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिये गये। ये प्रतियोगिताएं थीं-कविता प्रतियोगिता, एकल गायन, समूह गायन प्रतियोगिता, नाटक प्रतियोगिता, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिता एवं फैशन शो। मूट कोर्ट स्पर्धा में 14 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इनमें से आशुतोष रस्तोगी को बेस्ट मूटर अवार्ड मिला। जबकि 27 विद्यार्थियों को एकेडमिक अवार्ड प्रदान किये गये।

# पूर्व विधायक जय चौबे ने धूमधाम से मनाया भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस



वेलकम इंडिया

- अपने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ पूर्व विधायक जय चौबे ने जनसंपर्क कार्यालय पर फहराया भाजपा का तिरंगा
- स्थापना दिवस के अवसर पर बोले पूर्व विधायक जय चौबे राष्ट्रहित के लिए समर्पित है भारतीय जनता पार्टी

**संतकबीरनगर।** पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता पार्टी की स्थापना दिवस को मनाते हुए अपने कार्यालय और घरों पर भारतीय जनता पार्टी का तिरंगा लहराते हुए नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में खलीलाबाद सदर से भाजपा के पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने अपने जनसंपर्क कार्यालय पर अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी का तिरंगा लहराते हुए सभी को स्थापना दिवस की बधाई दी इस दौरान पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की नींव है जो राष्ट्रहित में काम करते हुए पूरे देश को प्रगति के पथ पर ले जाने का काम कर रही हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक जय चौबे ने राष्ट्रीय स्तर के सभी नेताओं पदाधिकारी भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकताओं और पदाधिकारी को स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई दी है । स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा है कि भारत की माटी से जुड़कर भारत के महापुरुष और भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्र सर्वोपरि के भाव के साथ सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित है विश्व के विशालतम राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित राष्ट्र निष्ठ, लोकनिष्ठ कार्यकताओं को स्थापना दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं पार्टी निरंतर देश के हित में काम करें यही शुभकामना ।इस दौरान भाजपा नेता अभिनंद सिंह, अवधेश सिंह, पूर्व प्रमुख मुमताज अहमद, संदीप सिंह, मयंक सिंह, चंदन वर्मा, अनिल मिश्रा, गोरख शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आढ़ती संघ ने हवन कुंड में बुराइयों को स्वाहा किया



वेलकम इंडिया

**शिकारपुर।** अनाज मंडी शिकारपुर में नव मनोनीत आढ़ती संघ ने व्यापारियों की मदद से हवन का अयोजन कर बुराइयों और आपसी वैमनस्य हवन कुंड में स्वाहा किया।

सोमवार को अनाज मंडी टीन शेड में आयोजित हवन कार्यक्रम के यजमान बने आढ़ती संघ शिकारपुर के नव मनोनीत अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि व्यापारियों द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पूरा करेंगे। व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करेंगे और किसी भी व्यापारी को किसी प्रकार की किसी भी स्तर पर दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से सहयोग मांगा। क्योंकि बिना उनके सहयोग से कोई भी संगठन अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता। हवन कार्यक्रम में महामंत्री बबली अंजान, राजकुमार शर्मा, लवकेश, प्रिंस चौधरी, अनिल मित्तल, संजय चौधरी, कृष्णराज सिंह, रोहित चौधरी, मनोज मित्तल, राजू शर्मा, अनिल जैन, नितिन गर्ग, अनिल ठेकेदार, शिवराम सिंह, श्रीनिवास गुप्ता, सत्येंद्र गुप्ता, प्रमोद शर्मा, राजू मित्तल, ऋषिपाल सिंह, विशेष कौशिक, नरेश कुमार, राजीव कुमार शर्मा, लईक अहमद, वेद प्रकाश, कैलाश, सुशील, चंद्र प्रकाश शर्मा, जय सिंह, नीशू शर्मा, बॉली शर्मा और मनोज सूर्यवंशी आदि आढ़ती शामिल रहे।

## दीक्षांत समारोह: बी.डी.एस. और एम.डी.एस. के विद्यार्थियों को दी गई उपाधियाँ

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस. डेंटल कॉलेज में सोमवार को बी.डी.एस. के 20वें बैच और एम.डी.एस. के 16वें बैच के लिए भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शालीन चंद्रा, प्रोफेसर एवं डीन, डेंटल फैकल्टी, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ, आई.टी.एस.-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में 139 बी.डी.एस. और एम.डी.एस. विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरूआत डायरेक्टर-पी.आर.सुरिंद्र सूद के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद डायरेक्टर-प्रिंसिपल डॉ. देवी चरण शेट्टी ने संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कॉलेज की शैक्षणिक उपलब्धियों और दंत विभागों में अपनाई गई नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी गई।

# ड्राइंग रूम वाला विधायक नहीं हूं, हल्के की हर गली खेत से वाकिफ हूं, नागरिकों की हर समस्या का समाधान करने के लिए किए जा रहे है प्रयास: विधायक विनोद भयाना

वेलकम इंडिया




**हांसी ।** रामनवमी के उपलक्ष्य पर हल्के के ढाणा कला गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विधायक विनोद भयाना ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

ब्लॉक समिति प्रथम की चेयरमैन शीला यादव द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में विधायक विनोद भयाना ने ब्लॉक समिति सदस्यों तथा गांव के 16 बुजुर्गों को सम्मानित किया। गांव में पहुंचने पर विधायक विनोद भयाना का पुष्प वर्षा कर तथा फुल मालाएं पहनाकर शानदार स्वागत किया गया। भयाना ने समारोह में उपस्थित विशाल जन समूह को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ढाणा कला के नागरिकों ने जो मान सम्मान दिया है इसके लिए वह पूरे गांव धन्यवाद करते हैं और सिर झुका कर इस सम्मान को स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि ढाणा कला ही नहीं अपितु हल्के का कोई भी व्यक्ति जब भी किसी काम को लेकर घर से निकले तो वह यह समझे की वह विधायक से नहीं अपने भाई से मिलने जा रहा है। हर व्यक्ति के कार्य को अपना निजी काम मानकर पूर्ण करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा विकास कार्यों को लेकर जो भी मांगे रखी गई है उन्हें पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं ड्राइंग रूम वाला विधायक नहीं हूं, हल्के की हर गली व खेत से वाकिफ हु, हल्के की हर समस्या का समाधान करवाने के लिए शतप्रतिशत प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने ब्लॉक समिति की अध्यक्ष से ही कहा कि वह सभी सदस्यों को साथ लेकर क्षेत्र के विकास को लेकर काम करें। इसमें उनका पूरा सहयोग किया जाएगा।

## चोरो ने जेवरात और नगदी पर हाथ किया साफ, पुलिस गश्त पर सवाल

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी**-कस्बा खीरी में घर में घुसकर चोरी ने जेवरात और नगदी पर हाथ साफ किए जाने का मामला सामने आया है ।जानकारी के मुताबिक कस्बा खीरी के मोहल्ला अवधी टोला निवासिनी शिफा पत्नी आशिफ खान ने खीरी थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके पति बाहर है ।प्रार्थनी अपने मायके गई थी ।उसके घर मे अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर कमरे की रोशन दान की जाली तोड़कर कमरे में घुसकर सोने चांदी के जेवरात और पंद्रह हजार की नगदी पर चुरा ले गए ।पीड़िता को पता तब चला जब उनकी देवरानी ने फोन पर सूचना दी कि उनके रोशन दान की जाली टूटी है ।पीड़िता अपने मायके से घर आकर देखा कि रोशन दान की जाली टूटी पड़ी है कमरे के अंदर समान बिखरा पड़ा है ।फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है ।कस्बे में हुई चोरी से खीरी चौकी पुलिस पर रात्री गश्त पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं ।लोगो मे चर्चा है कि कस्बे में अवैध मादक पदार्थों की बेचा बिक्री और जुए सट्टे के कारोबार में इजाफा होने की वजह से चोरी की वारदातों में बढ़ोतरी हो रही है।

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है: डॉक्टर सबीहा मुमताज

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** सोमवार को राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

राजकीय जिला पुस्तकालय के प्रभारी पुस्तकालय अध्यक्ष व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज खलीलाबाद की प्रधानाचार्या डॉक्टर सबीहा मुमताज की अध्यक्षता में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। उन्होंने बच्चों के शारीरिक विकास हेतु अनेक सोपानों (संतुलित आहार, साफ - सफाई, एवं व्यायाम) पर दिशानिर्देश दिए। तत्पश्चात ममता मिश्रा पुस्तकालय समन्वक, राजकीय जिला पुस्तकालय संत कबीर नगर ने बच्चों को एक समृद्ध दिनचर्या प्रदान किया। जिसको आत्मसात करके बच्चे एक स्वस्थ्य जीवन की बुनियाद रख सकते हैं साथ ही राजकीय पुस्तकालय मे मिलने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई ह्र बच्चों के जिज्ञासा के समाधान हेतु डॉ नीतू यादव, जेबा तबस्सुम, रचना मिश्रा, श्रीमती सोनिया आदि मौजूद रहे।

## देवी जागरण में शामिल हुए डॉं विकास शर्मा

वेलकम इंडिया



**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)** श्रीरामनवमी के अवसर पर लाला का नगला पथवारी मैया मंदिर पर मां भगवती दुर्गा देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें हाथरस शहर के वरिष्ठ समाज सेवी श्री कृष्ण भक्त-नामचीन फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉं विकास शर्मा मां भगवती के जागरण में शामिल होकर माँ नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया और आरती कर पूजा अर्चना की।

देवी जागरण के अध्यक्ष और मैया के भक्त धीरज जैन रहे। डॉ विकास कुमार शर्मा ने बताया देवी जागरण में शामिल होने का उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि मैया के दरबार में नतमस्तक होकर लोगों के परिवार की सुख शांति के लिए मन्नतें मांगी। उन्होंने बताया कि मां की भक्ति में ही सब कुछ है यह सच है क्योंकि भक्ति से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है, और माँ की कृपा से हर मुश्किल आसान हो जाती है। माँ की भक्ति करने से मन को शांति मिलती है और जीवन में सुखद अनुभव होते है। माँ की कृपा से जीवन में धन, संपत्ति और सफलता मिलती है। माँ की भक्ति करने से हर मुश्किल आसान हो जाती है और जीवन में आने वाली बाधाएं दूर हो जाती हैं। देवी जागरण के आयोजकों की इस पहल की डॉं विकास शर्मा ने सराहना की जिनके द्वारा क्षेत्र की सुख शांति सम्पन्नता के लिए मैय्या का ये भव्य जगराता आयोजित करवाया। माता के भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते नजर आए थे। पूरा पांडाल भक्ति माहौल में था। जागरण में माता रानी के भव्य स्वरूप को आकर्षक अंदाज में सजाया गया था।

# श्रीकृष्ण काली पीठ में पूणार्हुति और कन्या पूजन के साथ संपन्न हुआ नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन ।** गोपीनाथ बाजार स्थित श्रीकृष्ण काली पीठ में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ श्रीकृष्ण काली पीठाधीश्वर डॉ. केशवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ ।जिसके अंतर्गत वैदज्ञ ब्राह्मणों के द्वारा किए जा रहे नित्य श्रीदुर्गा सप्तशती पाठ, श्रीदुर्गा चालीसा पाठ एवं हवन आदि के अनुष्ठान भी संपन्न हुए ।महोत्सव का समापन वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य यज्ञ की पूणार्हुति के साथ हुआ ।इस अवसर पर सैकड़ों कन्या-लांगुराओं का पूजन कर उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया ।साथ ही उन्हें उपहार, पाठ्य सामग्री व दक्षिणा आदि प्रदान की गई। डॉ. केशवाचार्य महाराज ने कहा की श्रीकृष्ण काली पीठ मंदिर श्रीधाम वृन्दावन का अत्यधिक प्राचीन एवं सिद्ध स्थल है ।जिसमें प्रतिष्ठित देवी की प्रतिमा अत्यंत चमत्कारी है ।यहां वर्ष के दोनों नवरात्रों में विश्वकल्याणार्थ शतचंडी महायज्ञ आयोजित किया जाता है ।जिसमें दूर-दराज के असंख्य भक्त श्रद्धालु अत्यंत श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ भाग लेते हैं।

मथुरा-वृन्दावन क्षेत्र के यशस्वी विधायक व पूर्व ऊर्जा मंत्री पण्डित श्रीकान्त शर्मा एवं उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रविकांत गर्ग ने कहा कि श्रीधाम वृन्दावन में कृष्णोपासना के अलावा मां दुर्गा की उपासना भी अत्यंत श्रद्धा के साथ की जाती है।

# मूंछों वाले श्री राम की कृपा से भक्तों के जीवन से संकट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि आती है : डॉ विकास

वेलकम इंडिया

**हाथरस। (जितेन्द्र कुमार)** रामनवमी के अवसर पर शहर में 6 अप्रैल को मूंछों वाले रामजी की 144वीं रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस मेले में शहर के वरिष्ठ समाज सेवी, श्री कृष्ण भक्त फॉकस अल्ट्रासाउंड सेंटर के ओनर डॉ विकास कुमार शर्मा ने नत मष्तिक होकर राम व जानकी की आरती उतारी। इस दौरान उन्होंने अपने जनपद वासी व भारतवासियों के लिए सुख-शांति की कामना की। डॉ विकास कुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजकों का धन्यवाद आभार जताया। सफल कार्यक्रम के लिए उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान आयोजक ने डॉ विकास कुमार शर्मा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।डॉ विकास शर्मा ने बताया कि मूंछों वाले श्री राम जी की पूजा करने से सकंट दूर होते हैं, ऐसा माना जाता है कि उनके क्षत्रिय रूप में दर्शन करने से भक्तों को सुख और सफलता मिलती है। कुछ मंदिरों में भगवान राम और लक्ष्मण को क्षत्रिय रूप में दशार्या जाता है, जिसमें मूंछे भी होती हैं। इनकी कृपा से भक्तों के जीवन से संकट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि आती है। भगवान राम की पूजा करने के लिए, आप सुबह जल्दी उठकर स्नान करें, स्वच्छ वस्त्र पहनें, घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें, भगवान राम की प्रतिमा या तस्वीर पर तुलसी का पत्ता और फूल अर्पित करें, और राम मंत्र का जाप करें। दिन शाम को घर के पूजा स्थान में अखंड दीपक जलाएं और संपूर्ण परिवार के साथ मिलकर भगवान राम का भजन-कीर्तन करें।



# पालिका की बोर्ड बैठक में करोड़ों के प्रस्ताव पारित किए गए

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में नगर के विकास के लिए करोड़ों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पालिका के सभाकक्ष में पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली व समस्त वार्ड सदस्यों एवं विधायक डॉ० मंजू शिवाच व अधिशासी अधिकारी की उपस्थिति में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें बजट आय अंकन रूपए 1,60,73,77,664-98 तथा व्यय अंकन रूपए 1,60,63,00,000-00 वित्तीय वर्ष 2025-26 की स्वीकृति, एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन का प्रस्ताव, प्रजापति समाज को मिट्टी के बर्तन आदि बनाये जाने हेतु भूमि दिये जाने, दो रोड़ रोलर कय किये जाने, तिबड़ा रोड़ पर अतिक्रमण के सम्बन्ध में ट्रैफिक पुलिस को पत्र प्रेषित किये जाने, हैण्डपम्प रिबोर कराये जाने, वार्ड नं0 20 में पुरानी ट्यूबवैल की बाउण्ड्री कराये जाने, संस्कार पब्लिक स्कूल के पास स्थित एल०एम०सी० भूमि को संरक्षित किये जाने आदि प्रस्ताव पारित किये गये। विधायक डॉ मंजू शिवाच द्वारा सीकरी महामाया देवी मंदिर के सम्पूर्ण विकास हेतु प्रपोजल बनाकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित किये जाने, नगर में लगने वाले पैठ को सुनियोजित किये जाने, अवैध रिक्शा/ऑटो को नियन्त्रित किये जाने के प्रस्ताव रखे गये, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।


पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें नरेन्द्र मोहन मिश्र अधिशासी अधिकारी, अमरीश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, दिनेश कुमार सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, अंकित गोयल, ललित त्यागी व कामेश चौहान आदि अधिकारीगण व सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री राम नवमी शोभा यात्रा का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल, जिला गाज़ियाबाद ग्रामीण की ओर से मोदीनगर प्रखंड में श्री राम नवमी के पावन अवसर पर एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभा यात्रा धार्मिक आस्था, संस्कृति एवं समाज में सद्भावना का संदेश लेकर निकाली गई।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मेरठ प्रान्त के मंत्री श्री राजकुमार डूंगर जी उपस्थित रहे, जिन्होंने श्रीराम के आदर्शों और हिन्दू समाज के संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला। उनके सारगर्भित विचारों ने उपस्थित जनसमूह में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। यात्रा में मुख्य रूप से नागेंद्र तोमर, विनोद वैशाली, जिला मंत्री अजय, जिला संयोजक मधुर नेहरा, प्रखंड अध्यक्ष अतुल शर्मा, ललित शर्मा, शिवा चौधरी, शुभम शर्मा, नीरज गोयल, आकाश पामचाल व अन्य उपस्थित रहे। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के श्रद्धालु, महिला मंडल, युवा कार्यकर्ता एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए नगर में भक्ति, उल्लास और गौरव का वातावरण निर्मित करती हुई सम्पन्न हुई। विश्व हिन्दू परिषद झ बजरंग दल, गाज़ियाबाद ग्रामीण द्वारा यह आयोजन हिन्दू समाज में एकता, धर्म और संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित प्रयासों का प्रतीक है।





## डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में नए सत्र के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में कक्षा 6 के 120 छात्रों, कक्षा सात के 50 छात्रों, कक्षा 8 के 70 छात्रों ने कक्षा 9 के 160 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा दी इस प्रकार 400 छात्रों ने सीसीटीवी व कक्ष निरीक्षक की निगरानी में प्रवेश परीक्षा दी प्रवेश परीक्षा का मूल्यांकन कर सफल चयनित छात्रों की सूची 8 अप्रैल 2025 को बोर्ड पर लगा दी जाएगी। चयनित छात्रों को सभी प्रमाण पत्रों की फोटो कॉपी दो दिन के अंदर लाकर अपने प्रवेश को निर्धारित कक्षा में करना होगा।

जो छात्र समय से अपना प्रवेश सुनिश्चित नहीं करेंगे उन छात्रों के स्थान पर दिनांक 15 अप्रैल पर होने वाली अन्य छात्रों की प्रवेश परीक्षा से सफल चयनित छात्रों द्वारा भर दी जाएगी इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद्र अग्रवाल ने नए प्रवेश लेने वाले छात्रों के पेरेंट्स की मीटिंग ली। उन्होंने अभी आपको कुछ संबोधित करते हुए करते हुए कहा कि छात्रों के प्रवेश करने के बाद कुछ अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान देना छोड़ देते है, क्योंकि यहां की फीस लगभग नगण्य रहती है। आपका बच्चा पढ़ रहा है या नहीं या क्या कर रहा है। नियमित रूप से विद्यालय जाता है या नहीं इस पर आपको निगाह रखनी होगी घर पर बच्चा मोबाइल में क्या देख रहा है इस पर भी आपको निगाह रखनी होगी। उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज के छात्र देश और विदेश में सभी पदों पर कार्यरत हैं। हमारा कॉलेज में स्वच्छ हरित वातावरण और सुसज्जित प्रयोगशालाएं रसायन विज्ञान भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान ,कंप्यूटर लैब पुस्तकालय है। उन्होंने बताया कि हमारे कॉलेज के छात्र स्मार्ट पैनल व प्रोजेक्टर की सहायता से अध्ययन कर रहे हैं। बहुत जल्दी ही प्रबंध समिति के निर्देशन में विद्यालय में अतिआधुनिक ए आई लैब स्थापित की जा रही है और हर साल कुछ छात्र जिला टॉपर की लिस्ट में आते रहे हैं इन्हें जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक व शिक्षा विभाग के मंत्रियों द्वारा सम्मानित किया गया है। रसायन विज्ञान प्रवक्ता राजीव वर्मा ने बताया कि स्कूल के हरित साफ स्वच्छ वातावरण और कॉलेज में नवाचारों के लिए प्रधानाचार्य को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है इस परीक्षा को संपन्न कराने में गणित प्रवक्ता और विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सिंह, शरद वाजपेई संजीव चौधरी राजीव वर्मा ,अजय कुमार, अनिल, कुमार यादव , धर्मवीर सिंह मयंक कुमार आदि सभी अध्यापकों का सहयोग सराहनीय रहा।

## नेह नीड परिसर में 156 बच्चों को पहनाए गए आत्मसम्मान के पगचिन्ह



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जयंती पर, जब देशभर में धर्म, सेवा और आदर्शों की गूंज थी, उसी दिन यू वी कैन ब्रिंगिंग स्माइलस फाउंडेशन ट्रस्ट की पहल चरण पादुका अभियान ने एक और भावनात्मक अध्याय लिखा। नेह नीड परिसर, बृज घाट में 156 बच्चों को आत्मसम्मान के पगचिन्ह पहनाए गए। संस्था के प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान महज जूतों के वितरण तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एक सशक्त प्रयास था उन नन्हें पाँवों को आत्मसम्मान की ठोस जमीन देने का, जो अभावों के बीच भी सपनों की उड़ान भरना सीख रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत 156 बच्चों को नये जूते पहनाए गए। उनकी मुस्कान केवल प्रसन्नता की नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व की स्वीकार्यता की थी। कार्यक्रम में बच्चों के साथ बिताया गया प्रत्येक क्षण, एक आत्मिक संवाद बन गया – समाज और उसके भविष्य के बीच। यह वितरण, चरणों की रक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि उनके स्वाभिमान की प्रतिष्ठा का पर्व बन गया। नेह नीड संस्था की ओर से कन्हैया एवं रीमा वर्मा ने इस आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। उनका समर्पण और बच्चों की सहज सहभागिता ने इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में सुनीता शर्मा, सुमन गोस्वामी, रजनी शर्मा, प्रवीण कुमार शर्मा, सचिन वधावन, ईशान गिरी, गुरदीप सिंह, आस्था शर्मा, आशुतोष शर्मा, चिराग और तान्या का निःस्वार्थ योगदान उल्लेखनीय रहा।

अब तक इस अभियान के अंतर्गत 4442 चरण पादुकाएं वितरित की जा चुकी हैं – ये मात्र संख्या नहीं, बल्कि 4442 उज्जवल संभावनाओं की नींव हैं ।

## आशीष कुमार व सागरिका ने जीती विवेक मैराथन

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**बिजनौर :** विवेक विश्वविद्यालय द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पुरुष वर्ग मे आशीष कुमार तथा महिला वर्ग में सागरिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुरुष वर्ग में विरेन्द्र सिंह तथा महिला वर्ग मे काजल कुमारी रही तथा तृतीय स्थान पर पुरुष वर्ग में मोनू एवं महिला वर्ग मे सना रही इसके अलावा प्रथम 25 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। मैराथन मे प्रथम पुरस्कार ग्यारह हजार रुपये द्वितीय पुरस्कार 5100 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 2100 रुपये महिला व पुरुष दोनो वर्गो को अलग अलग दिये गये।

मैराथन का शुभारम्भ प्रातः 7 बजे नेहरु स्टेडियम से विश्वविद्यालय के चांसलन अमित गोयल प्रोचांसलर दीपक मित्तल, वाइसचांसलर एन.के.गुप्ता, वित्तीय सलाहकार अनिल शर्मा एवं जिलाक्रीडाधिकारी राजकुमार द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। विवेक मैराथन नेहरु स्टैडियम से प्रारम्भ होकर शक्ति चैक, थाना कोतवाली, बुखारा रोड होते हुये जानी का चैराहा से नूरपुर रोड पर स्थित विवेक कॉलेज पर समाप्त हुयी। इस मैराथन में पॉच चैक पोस्ट बनाये गये थे जिसमें सभी प्रतिभागियों के चैस्ट नम्बर को सत्यापित किया गया। इस प्रतियोगिता में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से 1300 युवाओं महिलाओं तथा बुजुर्गो ने प्रतिभाग किया। बिजनौर की महिलाओं व पुरुषों द्वारा इस कार्यक्रम में बढ चढकर हिस्सा लिया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि इस वर्ष विश्व स्वास्थय संगठन की थीम स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मैराथन के माध्यम से सभी बिजनौर वासियों को अच्छे स्वास्थ का संदेश देना है। कार्यक्रम के समापन में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना, फयुजन, हरियाणवी डांस, चक दे इंडिया, शास्त्रीय नृत्य तथा माइम एक्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा श्रोताओं का भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वजीत एवं नेहा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के डीन डॉ. दीप्ती डिमरी, डा. राजीव चैधरी, डा. देबाशीष, डा. सौरभ शर्मा, डा. सर्वेश शीतल, डा. रंगानाथन, डा. संजय कुमार त्यागी, डा रिजवान अहमद, डॉ मीना चैधरी, डॉ पुष्पाजोशी, डॉ हितेश शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, मनिका मुकुल कुमार आदि सभी शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने सुनी समस्याएं




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** रालोद के क्षेत्रीय सचिव बिट्टू खंजरपुर के निवास स्थान पर रालोद के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने जन समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने का आश्वासन दिया। गांव के लोगों ने गांव की कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने कार्यकताओं से संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीति एवं कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। इस मौके पर गांव के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रालोद के प्रदेश सचिव रणबीर दहिया, जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी , सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह, प्रवीण चौधरी,पप्पू चौधरी,कालू आदि लोग मौजूद थे।

## लिवर का फैट क्वांटीफि केशन,लिवर इलास्ट्रोग्राफी/ फाइब्रोस्कैन,अल्ट्रासाउंड से हिस्ट्रोसल्पिंगोग्रही व अन्य एडवांस्ड जाँच अब मोदीनगर में संभव

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर के प्यारेलाल में यूएसजी की नई मशीन लगाई गई। जिसके बारे प्रसिद्ध रेडियोलॉजिस्ट डॉ प्राची अवस्थी सिंघल ने बताया के जिन मरीजों के लिवर में फैट की मात्रा बढ़ जाती है। उनको अभी तक ग्रेडिंग के माध्यम से सूचित किया जाता है जैसे के ग्रेड वन, टू, थ्री परंतु लिवर में कितना फैट जमा है उसके सही मात्रा नहीं नापी जाती किंतु अब फैटी लिवर वाले मरीजों को सटीक नंबर बताया जा सकेगा साथ ही जो भी मरीज फैटी लिवर का उपचार किसी भी पद्यति जैसे के व्यायाम,योगा, डाइट, रनिंग, मेडिसिन आदि से ले रहे हैं उनको जिस तरह से ब्लड सुगर व ब्लड प्रेशर पर ध्यान और नियंत्रण रख पाते हैं वैसे ही लिवर में फैट पर भी नजर और नियंत्रण रख सकेंगे इलास्ट्रोग्राफी/फाइब्रोस्कैन पर रोशनी डालते हुए उन्होंने बताया के समय के साथ साथ लिवर का लचीलापन कम होने लगता है और लिवर हार्ड (फाइब्रोज्ड) होने लगता है साथ ही लिवर में किसी भी तरह की बीमारी जैसे के हेपेटाइटिस ए, बी, सी, अल्कोहलिक लिवर डिजीस , शराब का सेवन, लंबे समय तक किसी अन्य बीमारी की दवा इत्यादि लिवर के फाइब्रोसिस को और अधिक तेजी से बढ़ा देती है जिसके कारण लिवर डैमेज होने लगता है , बहुत अधिक मात्रा में जब लिवर खराब हो जाता तो लिवर ट्रांसप्लांट तक की नौबत आ जाती है , अगर सही समय पर डायग्नोसिस बन जाए और मरीज मुकम्मल इलाज ले तो लिवर को बचाया भी जा सकता है । एच० एस० जी० यानी के हिस्ट्रोसल्पिंगोग्राफी के संबंध में डॉ प्राची अवस्थी ने बताया के इंफर्टिलिटी के मरीजों में महिला के बच्चेदानी में डाई डाली जाती है और फिर उसके मल्टीपल एक्स-रे लिए जाते हैं जिससे मरीज को डाई एवं रेडिएशन एक्स-रे झेलना पड़ता है साथ ही यह एक पीड़ादायक जांच है जिसके बाद दर्द की दवा लेनी पड़ती है।

## एक लाख नए सदस्य बनाएगी निषाद पार्टी

**गाजियाबाद।** निषाद पार्टी गाजियाबाद में एक लाख नए सदस्य बनाएगी। रविवार शाम भोपुरा स्थित कार्यालय पर कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। जिलाध्यक्ष संजीव कुमार गुर्जर ने माणिक मित्तल व उनके साथ आए दर्जनों लोगों को पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर निषाद पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि गाजियाबाद में एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य तय हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद के निर्देश पर अभियान चलाकर संगठन को मजबूत बनाया जाएगा।

## महादेव मंदिर में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी की अशोक विहार निशांत कालोनी चौराहे से सोमवार सुबह महादेव मंदिर में स्थापित शनिदेव की चुराई गई कुछ दूरी पर खंडित अवस्था में मिली। पुलिस ने रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चोर को गिरफ्तार किया है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम का कहना है कि सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से आरोपी आकाश निवासी निशांत कालोनी को गिरफ्तार किया है। उसने नशे की हालत में मूर्ति को चुराना और हाथ से फिसलकर गिरना स्वीकार किया है।

## घर में चोरी कर रहे चोर को लोगों ने पकड़ा

**गाजियाबाद।** थानाक्षेत्र के गांव भदौला में घर में चोरी कर रहे व्यक्ति को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट कर आरोपी का चालान कर दिया है। गांव भदौला निवासी सोनू ने बताया कि वह खेत पर काम करने के लिए गया था और मां राजबीरी घेर में गई थी। जब वह घर पहुंची तो आंगन में एक बाइक खड़ी थी और एक व्यक्ति घर के अंदर से चोरी कर रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने तुरन्त उसे चोर को दबोच लिया। आरोपी ने अपना नाम अरशद निवासी त्योढ़ी 13 विस्बा बताया है।

## बालक वर्ग में मेरठ और बालिका वर्ग में गाजियाबाद रही विजेता

**गाजियाबाद।** एस.डी. पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन में रविवार को 44वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप (जोन–1) का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अंजुल अग्रवाल और कैबिनेट मंत्री जयंत चौधरी के सलाहकार वीरपाल मलिक ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता शूटिंग बॉल एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय प्रमुख ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक दल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, फेडरेशन के महासचिव जीत राज तोमर, साहिबाबाद पार्षद हिमांशु चौधरी, झंडापुर पार्षद भूपेंद्र भारद्वाज, संरक्षक चौधरी धर्मपाल सिंह, मदनपाल सिरोही, आर.के. पावर, गजेंद्र आर्य, वीरेंद्र इंडोलिया, अनुज राठी और गुलशन भामंबरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## समाजिक सद्भाव के लिए धार्मिक कार्यक्रमों की सहभागिता आवश्यक : डॉ अनिल सिंह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**चांदपुर :** भगवन्त ग्रुप की स्थापना वर्ष के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भगवन्त ग्रुप रजत जयंती समारोह मना रहा है। जिसके उपलक्ष्य में भगवंत पब्लिक स्कूल व शकुंतला डिग्री कॉलेज के प्रांगण में भगवंत ग्रुप के चेयरमैन डॉ० अनिल सिंह द्वारा एक भव्य सरस्वती माता का मंदिर स्थापित किया गया। जो राजस्थानी पत्थरों द्वारा तथा राजस्थानी कला में बना है। मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्यक्रम रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया।

नव निर्मित शकुन्तला सरस्वती मंदिर में माँ सरस्वती व अन्य 11 देवी-देवताओं की प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी जी रहे। उनके साथ संत समाज के प्रबुद्ध ज्ञानी संत जन उपस्थित रहे। डॉ अनिल सिंह व उनके सुपुत्र डॉ विभांशु विक्रम सिंह व चेयर पर्सन डॉ आशा सिंह, उनकी पुत्रवधु अंजली सिंह, इंजीनियर राकेश कुमार, ने महामंडलेश्वर जी का फूल- मालाओं से माल्यार्पण करते हुए स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन व स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कावेन्द्र यादव ने किया। शैफाली ने माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। वैदिक आर्य कन्या गुरुकुल की ब्रह्मचारिणी बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। डॉ अनिल सिंह व डॉ विभांशु विक्रम ने सभी सन्त जनों का फूलमालाओं व पटका पहनाकर स्वागत किया। मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन भगवन्त चौक पर स्थित नवनिर्मित शकुंतला सरस्वती मंदिर में प्रातः 10 बजे विशाल हवन यज्ञ के साथ किया गया। शकुन्तला डिग्री कॉलेज का परिसर वैदिक मंत्रो के उच्चरण एवम हवन कुंड से निकलने वाली ऊर्जा से भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर श्री यतींद्रानंद जी जूना अखाड़े के सम्मानित व वरिष्ठ आध्यात्मिक ज्ञाता हैं। जो अपनी गहन बुद्धि और आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि के लिए प्रसिद्ध है। जो ज्ञान और भक्ति के प्रतीक हैं। महामंडलेश्वर जी ने अपने उदबोधन में कहा कि हिंदू धर्म में प्राण प्रतिष्ठा से पहले कोई भी मूर्ति पूजा के योग्य नहीं मानी जाती है बल्कि निर्जीव मूर्ति मानते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के जरिए उनमें शक्ति का संचार करके उन्हें देवी-देवताओ के स्वरूप में बदला जाता है। इसके बाद वो पूजा और भक्ति के योग्य बन जाती है। फिर लोग इन मूर्तियों की पूजा कर सकते हैं। महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरी महाराज जी ने अपने प्रवचनों में भक्तों से कहा कि हमे अपने जीवन में हमेशा आध्यात्मिक को आधार बनाना चाहिए आध्यात्मिक से ही हमें शांति और आनंद की प्राप्ति हो सकती है। जब हमें परेशानियों ने घेरा हो और कोई सही मार्ग न दिखाई दे। तब हमें ईश्वर की शरण में ही आना चाहिए अपनी सारी परेशानियां ईश्वर पर छोड़ देनी चाहिए।

स्वामी जी ने डॉ अनिल सिंह के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यो की मंच से प्रसंशा की। स्वामी जी ने डॉ अनिल सिंह से भविष्य में हनुमान कथा आयोजित कराने की योजना बनाने के लिए कहा। भक्तजनो ने स्वामी जी के प्रवचन सुने और आध्यात्मिक ज्ञान गंगा में गोता लगाकर भक्तजनों ने महामंडलेश्वर जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी भक्तों ने विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक पूर्व राज्यमंत्री महावीर सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, पूर्व विधायक इंद्रदेव सिंह, ब्लाक प्रमुख लोकेंद्र चौधरी, काशीपुर की मेयर उषा सिंह, शकुंतला डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एच जी पाठक, उप प्राचार्य डॉ शिवानी शर्मा, मुकेश कुमार राय, नितिन कुमार शर्मा, दीपक कुमार, जिला सहकारी संघ के चैयरमैन पुष्पेंद्र शेखावत, अवनीश त्यागी, सुमन त्यागी, मोहित अग्रवाल, आशु गोयल, सुशील त्यागी प्रबंधक आर्य वैदिक कन्या गुरुकुल, गुरुकुल कन्या विद्यालय मूढाल से कोशेन्द्र , ग्राम प्रधान इस्माईलपुर रामवीर सिंह, । आदि क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

अनिल सिंह व उनके सुपुत्र डॉ विभांशु

# तहसील दिवस में 114 शिकायतों में 7 का निस्तारण

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी दीपक मीणा के निदेर्शानुसार सोमवार को जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों–मोदीनगर, सदर एवं लोनी में तहसील दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शनिवार को अवकाश होने के कारण इस बार तहसील दिवस सोमवार को आयोजित किया गया। मोदीनगर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन, एसडीएम डॉ. पूजा गुप्ता, एसीपी, तहसीलदार रजत सिंह अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लिया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि निस्तारण केवल औपचारिकता मात्र न हो, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक समाधान प्राप्त हो। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें और निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता दें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन की जवाबदेही जनता के प्रति है, और हम सबको मिलकर इस विश्वास को बनाए रखना है। जनता की शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण समाधान हमारी प्राथमिकता है। तहसील दिवस का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारियों की उपस्थिति में अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिले। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रत्येक प्राप्त शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई हो और समाधान से जनता को वास्तविक राहत मिले। सदर तहसील में एसडीएम अरूण दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील दिवस में 16 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। तहसीलदार रवि कुमार एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी इस मौके पर उपस्थित रहे। लोनी तहसील में एसडीएम राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में तहसील दिवस आयोजित हुआ जिसमें 36 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 का तुरंत समाधान किया गया। मौके पर तहसीलदार जयप्रकाश, बीडीओ विन्नी यादव समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे। इस प्रकार पूरे जनपद में तहसील दिवस के दौरान कुल 114 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 7 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# दिव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरा काव्य प्रेमियों का मन मोह लिया

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साहित्य प्रोत्साहन समिति द्वारा जानकी सभागार, कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित दिव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरा काव्य प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। कार्यक्रम में श्रोताओं ने लगातार तीन घंटे तक शायरी और कविता का भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संतोष यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविख्यात शायर विजेंद्र सिंह परवाज ने की, जबकि मंच संचालन की बागडोर शायर राज कौशिक ने संभाली। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे कवियों और शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत शानू बब्बन की सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद गार्गी कौशिक, सचिन अग्रवाल शालिनी (बरेली), अंदाज देहलवी, मासूम गाजियाबादी, राज कौशिक, फखरी मेरठी, डॉ अंजू सिंह, विजेंद्र सिंह परवाज सहित अन्य शायरों और कवियों ने एक से बढ़कर एक शेर व $गजलें पेश कीं। श्रोताओं ने बरेली से पधारे सचिन अग्रवाल शालिनी की $गजल हमें अफसोस है घर टूटने का, उसे हिस्सा दिखाई दे रहा है पर जबरदस्त तालियों के साथ उत्साह दिखाया। वहीं अंदाज देहलवी के शेरों पर श्रोता झूम उठे। डॉ अंजू सिंह की प्रभावशाली पंक्तियां मैं अवतारों की जननी हूं, रचयिता हूं मैं नारी हूं ने विशेष रूप से महिला श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

# टप्पेबाजों गैंग के निशाने पर बुजुर्ग, बुजुर्ग महिलाओं से जेवरात चोरी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सिटी और ट्रांस हिंडन जोन में दो वारदातें टप्पेबाजों ने अंजाम दी हैं। इन वारदातों में बुजुर्ग महिलाओं को शिकार बनाकर जेवरात लूटे गए हैं। ताज्जुब की बात ये है कि दोनों ही बुजुर्ग महिलाएं लाईनपार क्षेत्र की रहने वाली हैं।

हालाकि घटनाएं विजयनगर और इंदिरापुरम में हुई हैं मगर वारदातों में बुजुर्गों के जेवरात को ही निशाना बनाया गया है। लिहाजा सावधानी बरतें और घर के बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। विजयनगर की रेलवे सैन कॉलोनी में रेल कर्मचारी रचिन कुमार रहते हैं। परिवार में उनकी पत्नी के अलावा बुजर्ग मां हैं। सुबह के वक्त कालोनी में दो लोग कैमिकल से बर्तन और जेवरात की सफाई करने के नाम पर घूम रहे थे। घर में मौजूद रचिन की पत्नी और मां ने उनसे घर के कुछ बर्तन और मूर्ति साफ कराई। इसी बीच रचिन घर पहुंचे तो उन्होंने उन पर शक होने पर उन्हें भगा दिया। इसी दौरान दोपहर में रचिन पत्नी के साथ किसी काम से बाहर चले गए। पीछे से दोनों दोबारा रचिन के घर आए और उनकी बुजुर्ग मां को जेवरात साफ कराने के नाम पर झांसे में लिया और उनके कांडों के कुंडल व अन्य जेवरात लेकर चंपत हो गए। रचिन की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# साहिबाबाद सब्जी मंडी में अधिकारियों ने हटाया अतिक्रमण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद फल एवं सब्जी मंडी में सोमवार दोपहर मंडी अधिकारियों ने पुलिस के साथ अतिक्रमण हटवाया। निर्धारित जगह से आगे अतिक्रमण करने वालों के साथ सख्ती की गई। दोबारा अतिक्रमण करने पर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी भी दी गई। साहिबाबाद मंडी में फड़ लगाकर कब्जा करने वालों की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पहले भी टीम के साथ अतिक्रमण हटाने निकलीं लेडी मंडी निरीक्षक को अपनी टीम की मौजूदगी में दुर्व्यवहार झेलना पड़ा। लिंक रोड़ क्षेत्र में फल विक्रेताओं ने टीम के साथ हाथापाई की और रुपए छीन लिए और मारपीट का प्रयास किया। पुलिस ने फल विक्रेताओं के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। कर लिया है। अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिलने पर अधिकारियों ने कार्रवाई करने के निर्देश मंडी अधिकारियों को दिए। सोमवार मंडी निरीक्षक टीम और थाना पुलिस के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति के फल सब्जी सेक्टर में पहुंचे। धीरज कुमार, मण्डी पर्यवेक्षक एवं मनीष कुमार सिंह, मण्डी निरीक्षक श्वेता सिंह पहुंची और अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी दी। फल-सब्जी सेक्टर में रास्ते में से ठेला हटाने के लिए कहा गया, परन्तु रास्ते से ठेला नहीं हटाया गया और काफी विरोध किया। तब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मंडी निरीक्षक ने एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही। काफी देर तक हो हल्ला के बाद अतिक्रमणकारी शांत हुए और रोड क्लियर हुआ।

# स्कूलों की मनमानी के विरोध में अभिभावकों ने किया हंगामा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आरटीई दाखिलों की एवज में जिले के निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान हैं। आरोप है कि स्कूल दाखिले के बदले पांच हजार से लेकर 20 हजार तक की फीस मांग रहे हैं। भुगतान नहीं करने पर दाखिले से इनकार तक करने की बात कह रहे हैं। इस मामले में अभिभावकों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है। इस संबंध में निराशा अभिभावक रविवार को जिला अधिकारी के आवास पहुंचे थे जबकि दूसरे दिन यानी आज सोमवार को वे लोग एडीएम सिटी के कार्यालय पहुंचे जहां उन्हें आश्वासन मिला है कि उनकी हर संभव मदद करते हुए बच्चों का दाखिला सुनिश्चित किया जाएगा। अभिभावक को स्कूल से ही कॉपी-किताब और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। वहीं कई स्कूल बैंक स्टेटमेंट मांगने के साथ घरों का सर्वे भी करा रहे हैं। जिले में इस बार सत्र 205-26 के लिए चार चरणों में कुल 6306 बच्चों को चयन हुआ है। दिसंबर से प्रक्रिया शुरू करने का मकसद बच्चों को सत्र से पहले दाखिला दिलाना था, लेकिन पहले चरण से ही स्कूल कभी सीट नहीं होने तो कभी नए सत्र में स्कूल खुलने पर दाखिला देने की बात कहकर अभिभावकों को परेशान करते आ रहे हैं। अब सत्र शुरू हुआ तो स्कूलों ने दाखिले के बदले फीस की मांग करनी शुरू कर दी है।

# चलती कार में लगी आग

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र में सोमवार की दोपहर सड़क पर चलती कार में अचानक सम्राट चौक पर आग लग गई। इसमें सवार युवक ने कार को सड़क किनारे लगाया और बंद कर खिड़की खोलकर बाहर आया। आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन वायरिंग से आग सीट तक पहुंची और धू–धू कर जलने लगी। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि दो बजकर 47 मिनट पर कंट्रोल रूम को कार में आग लगने सूचना प्राप्त हुई। दो गाडि ?ं को मौके पर भेजकर आग पर काबू पा लिया गया है। बताया कि कार संजय बंसल निवासी सम्राट चौक थाना विजयनगर की है।

# मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम ही भारतीय समाज के आदर्श हैं : वरुण शर्मा

वेलकम इंडिया



श्री राम नवमी के उत्सव पर कौशांबी में खूब धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा प्राचीन पीपलेश्व 'महादेव मन्दिर समिति और समाज के बंधुओ द्वारा आयोजित की गयी। यात्रा के आयोजक बंधुओ में वरुण शर्मा, शिवम मित्तल, एस के निमानी, पंडित देव दीक्षित जी मुख्य रूप से रहे। यात्रा प्राचीन पीपलेश्वर्व महादेव मन्दिर से शुरू होकर कौशांबी के चारो और परिक्रमा करते हुए मन्दिर पर ही पूर्ण हुई। कौशांबी निवासी और सेवा भारती के महानगर सहमंत्री वरुण शर्मा ने बताया की इस यात्रा का मुख्य आकर्षण श्री राम, माँ सीता, लक्ष्मण जी और पवनपुत्र हनुमान जी के रूप में सजे धजे बालको की झांकी रही। बजरंग दल के प्रखंड मंत्री शिवम ने बताया की किस प्रकार उपस्थित जनसमूह ने बेहद हर्षोल्लास के साथ इस यात्रा में भाग लिया और खूब भजन गए। बजरंग दल महानगर मंत्री सुनील चौहान, दुर्गा वाहिनी महानगर सहसंयोजिका वैष्णवी पांडे और संयोजक अनुज ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। शोभा यात्रा के पश्चात एस के निमानि और ममता निमानि की और से खीर के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर निक्कू, अगम, यतिका, श्रेष्ठ, नित्या, नित्या, सम्राट, शनाया और ऋषब नामक बच्चो ने भी खूब उत्साह दिखाया और शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की। समाज की और से कमल ओबेरॉय, डॉ आचार्या कृति शर्मा, ममता निमानि, संगीता श्रीवास्तव, प्रतिभा त्यागी, रिया गुप्ता, रजनीक, मंजु, रंजना, संतोष, प्रभा सिंह, निर्वेश, अंकित, सत्यम, आशीष, आशीष माधुरी यादव, गजेंद्र यादव, अंशु सहित अनेको बंधु उपस्थित रहे।

# बिस्किट फैक्ट्री के बाहर ट्रक से 69 बोरी चीनी चोरी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बागपत की शुगर मिल से यहां की नामचीन ब्रिटानिया बिस्किट फैक्ट्री में भेजी गई लाखों रुपये कीमत की 69 बोरे चीनी ट्रक से चोरों ने गायब कर दी।

जिस वक्त ये वारदात हुई ट्रक का चालक और क्लीनर ट्रक के केबिन में ही सो रहे थे। मगर, उन्हें चोरी की भनक तक नहीं लगी। ट्रक के मालिक ने केस दर्ज कराया है। सिहानी गेट कोतवाली क्षेत्र के लोहिया नगर इलाके में मेरठ रोड पर ब्रिटानिया बिस्कुट कंपनी है। इस कंपनी में बिस्कुट में इस्तेमाल होने वाली चीनी की सप्लाई बागपत की शुगर मिल से होती है। बागपत की मिल से एक ट्रक 840 चीनी की बोरियां लेकर फैक्ट्री आया था। देर रात हो जाने पर ट्रक के चालक ने ट्रक को फैक्ट्री के बाहर ही खड़ा कर दिया और ट्रक के केबिन में सो गया। सुबह ट्रक से बोरियां फैक्ट्री में पहुंचाने के लिए उठा तो देखा कि ट्रक का पिछला हिस्सा खुला हुआ था। उसमें रखा बोरियां गायब थीं।

# मखाना और 'माटी ब्रांड्स का भव्य शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पॉलीपर्ल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के दो प्रमुख ब्रांड्स 'मखाना' और 'माटी' का सोमवार को कौशांबी क्षेत्र में भाजपा नेता और पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया।

इस अवसर ने हेल्दी और स्वादिष्ट भोजन के क्षेत्र में एक नई दिशा की शुरूआत की है, जिसे स्थानीय लोगों ने बड़े उत्साह के साथ सराहा। 'मखाना' एक पूर्णतः ऑनलाइन ब्रांड है, जो अब जोमैटो और स्विगी जैसे लोकप्रिय फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। यह ब्रांड उन उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है जो स्वास्थ्य और स्वाद दोनों को महत्व देते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के हेल्दी मील्स और स्नैक्स शामिल हैं जो फिटनेस और न्यूट्रिशन के प्रति जागरूक जीवनशैली को समर्थन देते हैं। दूसरी ओर, 'माटी' ब्रांड को हेल्थ-फ्रेंडली दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है, जो उपभोक्ताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से उपलब्ध होगा। 'माटीज के उत्पाद देसी और प्राकृतिक तरीकों से तैयार किए गए हैं, जो पोषण और परंपरा का बेहतरीन संगम हैं। इस विशेष अवसर पर एक भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें कौशांबी क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और भोजन व नए ब्रांड्स की सराहना की।

# ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादनगर स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट को रविवार सुबह 8:30 बजे एक ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया है कि फैक्ट्री में रखा बम दोपहर 2 बजे फटेगा। इस घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस तुरंत हरकत में आ गई है, और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल में लिखा गया था, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मुरादनगर में बम रखा गया है, जो दोपहर 2 बजे फटेगा। इसे हल्के में न लें। धमकी मिलते ही फैक्ट्री प्रबंधन ने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित किया। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बम निरोधक दस्ते को भी बुलाया गया है। फैक्ट्री परिसर की गहन तलाशी शुरू कर दी गई है ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। डीसीपी देहात ने बताया कि हम इसे गंभीरता से ले रहे हैं और सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड मौके पर तैनात हैं। साथ ही साइबर सेल की टीम उस ईमेल की उत्पत्ति का पता लगाने में जुटी है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आम जनता को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि स्थिति नियंत्रण में है। फैक्ट्री के आसपास के इलाकों में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से परिसर से बाहर निकाला गया है, और आसपास के रास्तों पर बैरिकेडिंग कर आवागमन को सीमित कर दिया गया है।

# सांसद अतुल गर्ग ने किया शोरूम का उद्घाटन








# विद्युत पेंशनर्स परिषद की सभा का आयोजन





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विद्युत पेंशनर्स परिषद गाजियाबाद की एक आम सभा जनपद अध्यक्ष ओ पी तेवतिया की अध्यक्षता में अग्रसेन वाटिका में हुई संचालन जनपद सचिव चंद्र शेखर शर्मा ने किया जिसमें सदस्यों समस्याओं पर चर्चा की गई बहुमंजली इमारतों में बिलों का समायोजन, किया जाना, पेंशन खंडों द्वारा चिकित्सा भत्ता का भुगतान समय पर न किया जाना आदि उ प्र पावर कॉरपोरेशन के निजीकरण पर कर्मचारियों के हितों खिलाफ जिस तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं उससे कर्मचारी संगठनों में घोर रोष व्याप्त है और वह आंदोलन का रास्ता अपना कर संघर्ष रत हैं। वहीं पावर कॉरपोरेशन के प्रबंधन और सरकार द्वारा कर्मचारी संगठनों के मध्य जनवरी 2000 में हुए लिखित समझौते में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि कर्मचारियों को जो सुविधाएं विभाग द्वारा दी जा रही हैं उनमें किसी भी प्रकार से कोई कटौती या कम नहीं की जाएगी आज इसका विभाग द्वारा खुला उल्लंघन किया जा रहा है, विभाग द्वारा जो टैरिफ घोषित की गई है।

# घर में चोरी करने वाला शातिर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र स्थित राजधानी एनक्लेव में चोर ने एक सप्ताह पूर्व एक घर से दो मोबाइल, पचास हजार रुपये नकद और सोने के आभूषण चुरा लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट ने दर्ज कर सोमवार को चोर को गिरफ्तार कर लिया।

राजधानी एनक्लेव स्थित भागमल वाटिका में समीर परिवार समेत रहते हैं। वह घरों में रंगाई पुताई का ठेका लेने का कार्य करते हैं। उनकी पत्नी रीना ने बताया कि एक अप्रैल को कालोनी में जागरण हो रहा था। बड़ा बेटा बाहर से गेट बंद करके जागरण में गया था, जबकि वह पति और बेटी के साथ घर में सो रही थीं। देर रात चोर ने घर में घुसकर दो मोबाइल, अलमारी में रखे पचास हजार रुपये व सोने के झुमके चुरा लिए। घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जाग होने और बेटे के वापस आने व अलमारी का सामान फैला हुआ देखकर चोरी का पता चला।